

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,शनिवार 26 अक्टूबर 2024 ■ कार्तिक कृष्ण पक्ष-10 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-208 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 27 अक्टूबर 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112




## राष्ट्रपति के साथ फोटो खिंचवाकर छग के आदिवासी अभिभूत

रायपुर, 26 अक्टूबर

9 राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु छत्तीसगढ़ के जनजातीय समुदायों के लोग अपनी जीवन-पद्धति, खान-पान, लोक-नृत्य, लोक-संगीत, लोकवाद्यों, कलाओं रीति-रिवाजों, तीज-त्यौहारों, अस्थाओं और अन्य आदिम परंपराओं से काफी प्रभावित हुईं। छत्तीसगढ के पारंपरिक वेषभूषा में सजे आदिवासियों के साथ सामुहिक छायाचित्र लिया गया। इस अवसर पर राज्यपाल श्री रमेन डेका, मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय, उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव, केन्द्रीय आवास एवं शहरी विकास राज्य मंत्री श्री तोखन साहू, कृषि मंत्री श्री राम विचार नेताम, श्रम मंत्री श्री लखनलाल देवांगन, खाद्य मंत्री श्री दयाल दास बघेल, स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल, महिला बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, राजस्व मंत्री श्री टंक राम वर्मा, लोकसभा क्षेत्र रायपुर सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल, विधायक श्री खुशवंत साहेब एवं रोहित साहू उपस्थित थे। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु छत्तीसगढ़ के जनजातीय समुदायों के लोग अपने बीच पाकर अभिभूत हो गए। छत्तीसगढ़ के गौरवशाली ÷पुरखौती मुक्तांगन÷ में भारत की माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने छत्तीसगढ के जनजातीय समाज के गौरव और आत्मसम्मान को बढाने और उन्हे सम्मान देते हुए छत्तीसगढ के सरगुजा, बस्तर और दंतेवाडा जिले के नर्तक दलों के साथ छायाचित्र कराया गया। सरगुजा, बस्तर और दंतेवाडा जिले के नर्तक दलों में शमिल महिला और पुरूषों में पारंपरिक वेषभूषा में संज-संवरकर तैयार थे। इस अवसर पर मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन, पुलिस महानिदेशक श्री अशोक जुनेजा, प्रमुख सचिव आदिम जाति एवं कल्याण विभाग श्री सोनमणि बोरा एवं प्रमुख सचिव संस्कृति श्री अन्बलगन पी., मुख्यमंत्री के सचिव श्री पी. दयानन्द, आयुक्त आदिवासी विकास श्री नरेंद्र दुग्गा, संचालक पुरातत्व एवं संस्कृति श्री विवेक आचार्य भी उपस्थित थे।

## संक्षेप



### आईआईटी के 396 विद्यार्थियों को मुर्मू के हाथों डिग्री प्रदान

**भिलाई,26 अक्टूबर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आई.आई.टी. भिलाई पहुंची है, यहां वह आई.आई.टी. भिलाई के तृतीय एवं चतुर्थ दीक्षांत समारोह में शामिल हुई। इस दौरान राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी उपस्थित है। यह दीक्षांत समारोह राष्ट्रपति के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हो रहा है। राष्ट्रपति ने सात छात्रों को गोल्ड मेडल प्रदान किया। दीक्षांत समारोह में 2023 और 2024 में स्नातक करने वाले 396 छात्रों को डिग्री प्रदान की जा रही है। 2023 बैच के स्नातक छात्रों में 13 पीएचडी, 11 एमएससी, 27 एमटेक, 13 बीटेक (ऑनर्स) और 123 बीटेक स्नातक शामिल है। 2024 के स्नातक बैच में 8 पीएचडी, 20 एमएससी, 19 एमटेक, 12 बीटेक (ऑनर्स) और 150 बीटेक छात्र शामिल है।

### महबूबा मुफ्ती ने पीडीपी के पूरे स्ट्रक्चर को भंग किया

श्रीनगर,26 अक्टूबर। इस वक्त की बड़ी खबर जम्मू-कश्मीर की राजनीति से आई है। महबूबा मुफ्ती ने पीडपी के पूरे स्ट्रक्र (सभी इकाइयों) को भंग कर दिया है। जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने बड़ा फैसला लिया है। निकट भविष्य में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ विचार-विमर्श के बाद नए पदाधिकारी, विभिन्न विंग और निकाय बनाए जाएंगे। बता दें कि जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव में 90 सीटों में नेशनल कॉन्फ्रेंस-कांग्रेस गठबंधन को 49 सीटें मिली थी और वहीं भाजपा 29 सीटों पर ही सिमट गई।

### लोक गायिका शारदा सिन्हा की तबीयत बिगड़ी

**नई दिल्ली,26 अक्टूबर।** इस वक्त की बड़ी खबर सामने आई है. पद्मभूषण से सम्मानित लोक गायिका शारदा सिन्हा की तबीयत अचानक बिगड़ गई है, उन्हें दिल्ली एम्स के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया है.



## राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने जगन्नाथ मंदिर के किए दर्शन

रायपुर,26 अक्टूबर

भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु आज राजधानी स्थित जगन्नाथ मंदिर के दर्शन करने पहुंची। इस अवसर पर राज्यपाल श्री रमेन डेका, मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय, केंद्रीय राज्यमंत्री श्री तोखन साहू, सांसद

श्री बृजमोहन अग्रवाल तथा रायपुर उत्तर के विधायक श्री पुरंदर मिश्रा ने उनका पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया.

### विधायक पुरंदर मिश्रा ने किया स्वागत



राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु का मंदिर प्रांगण में विधायक पुरंदर मिश्रा के परिजनों तथा मंदिर समिति के सदस्यों ने भावभीनी स्वागत किया। इसके बाद श्रीमती मुर्मु मुख्य मंदिर के गर्भगृह में पहुंची तथा भगवान जगन्नाथ के दर्शन करते हुए आरती उतारी तथा फल और मिष्ठान्न भेंट किया। इस दौरान उन्होंने भगवान जगन्नाथ से छत्तीसगढ़ सहित देशवासियों के कल्याण और समृद्धि की प्रार्थना की। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने संपूर्ण मंदिर का भ्रमण किया तथा देवी देवताओं के दर्शन किए। इस दौरान मंदिर समिति के चेयरमैन तथा रायपुर उत्तर के विधायक श्री पुरंदर मिश्रा ने मंदिर के इतिहास और महत्व की उन्हें जानकारी दी। इस दौरान राज्यपाल श्री रमेन डेका, मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय, केंद्रीय राज्यमंत्री श्री तोखन साहू, सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल उपस्थित थे। विधायक श्री पुरंदर मिश्रा के परिजन धर्मपत्नी श्रीमती सरस्वती मिश्रा, सुपत्र श्री पियुष मिश्रा, श्री सौरभ मिश्रा, उनकी धर्मपत्नी, बेटी प्रीति अजय देवता तथा भांजा गुणनिधि मिश्रा ने राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु को प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु से आमंत्रित अतिथियों में विधायक सर्वश्री धरमलाल कौशिक, प्रदेश महांमत्री संजय श्रीवास्तव, वरिष्ठ भाजपा नेता रामप्रताप सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष जयंती पटेल, वरिष्ठ नेता छगन लाल मूंदड़ा, मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी, अमर पारवानी, सतीश छुगानी, राजीव लोचन महाराज, जी.स्वामी, सदन तिवारी, स्वामी परमात्मानंद इत्यादि ने मुलाकात की। सभी का परिचय विधायक श्री पुरंदर मिश्रा ने कराया। अंत में विधायक श्री पुरंदर मिश्रा के परिजनों ने उन्हें प्रतीक चिन्ह देकर विदाई दी। जानते चलें कि राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु का जगन्नाथ मंदिर यह दूसरा प्रवास था।

पिछले वर्ष भी महामहिम द्रौपदी मुर्मु जगन्नाथ मंदिर के दर्शन करने पहुंची थी। इस अवसर पर आयुक्त रायपुर संभाग श्री महादेव कांवरे, कलेक्टर आईएएस श्री गौरव सिंह, कमिश्नर आईएएस श्री अविनाश मिश्रा, सहायक कलेक्टर अनुपमा आनंद, संयुक्त कलेक्टर सुश्री निधि साहू, रायपुर डीआईजी, डीआईजी मिलना कुर्रे, एसएसपी आईपीएस श्री संतोष कुमार सिंह, एडिशनल एसपी श्री मिर्जा बेग, खम्हारडीह थाना के टीआई श्री नरेन्द्र मिश्रा सहित कई प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे। विधायक श्री पुरंदर मिश्रा ने कार्यक्रम को सफल बनाने सहयोग देने के लिए सभी का हृदय से आभार व्यक्त किया है।

## गाया ब्रांड की फैक्ट्री पर खाद्य विभाग का छापा



**महासमुंद,26 अक्टूबर।** दीपावली के अवसर पर दूध और दूध उत्पादों में मिलावट की बढ़ती शिकायतों को देखते हुए छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले में खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने सख्त कार्रवाई की है. ÷गाया÷ ब्रांड नाम से दूध और उसके उत्पाद बेचने वाली वामा डेयरी की तुमगांव स्थित फैक्ट्री में राज्य स्तरीय उड़नदस्ता टीम ने छापा मारा और जांच की. छापेमारी के दौरान खाद्य एवं औषधि प्रशासन की राज्य स्तरीय टीम और महासमुंद जिला अधिकारियों की कुल 6 सदस्यीय टीम ने फैक्ट्री में पनीर और पेड़ा मिठाई के सैंपल लिए. जांच के लिए ये सैंपल अब प्रयोगशाला भेजे गए हैं. खाद्य विभाग का यह कदम त्योहारी सीजन में मिलावट की रोकथाम के लिए उठाया गया है, क्योंकि दीपावली पर मिठाई और दूध उत्पादों की खपत में तेजी से वृद्धि होती है और मिलावट की शिकायतें सामने आ रही हैं. खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के सहायक आयुक्त नीतेश मिश्रा ने कहा कि छोटे विक्रेताओं की मांग थी कि मिलावट के मामलों को रोकने के लिए सीधे फैक्ट्रियों के उत्पादन स्थलों से सैंपल लेकर जांच की जाए. इसी क्रम में वामा डेयरी जैसे बड़े उद्योगों पर छापेमारी की गई. उन्होंने बताया कि राज्य स्तरीय उड़नदस्ता टीम की इस कार्रवाई का उद्देश्य त्योहारी सीजन में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करना है.

## इजराइल का तेहरान के कई सैन्य ठिकानों पर भीषण हवाई हमला

**यरुशलम,26 अक्टूबर।** इजराइल-ईरान के बीच युद्ध छिड़ गया है। इजरायल ने शनिवार तड़के सुबह ईरान पर भीषण हमला किया। इस एयरस्ट्राइक में राजधानी तेहरान कई शहरों में 10 से ज्यादा सैन्य ठिकानों को निशाना बनाकर हमला किया गया। एक साथ कई शहरों पर हमले से ईरान संभल नहीं पाया। इसे ईरान के उस हमले का जवाब माना जा रहा है, दो उसने 24 दिन पहले ( 1 अक्टूबर) को इजरायल पर ब्लैस्टिक मिसाइल से हमला किया था। इजराइल के इस हमले से पश्चिम एशिया में महायुद्ध छिड़ने का अंदेश उत्पन्न हो गया है। इजरायल डिफेंस फोर्स की ओर से जारी बयान के अनुसार, ईरान की ओर से महीनों तक लगातार किए गए हमलों के जवाब में ये एक्शन लिया गया है।

## मिट्टी धसकने से मजदूर की मौत

**कोरबा,26 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले के गेवरा में रेलवे लाइन निर्माण के दौरान एक और दर्दनाक हादसा हो गया, जिसमें मिट्टी धसकने से एक मजदूर की मौत हो गई और दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया. इस हादसे ने कार्य के दौरान सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं. फ्लिहाल सूचना पर पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई है. जानकारी के मुताबिक, त्रिवेणी कंस्ट्रक्शन कंपनी के दो ठेका मजदूर, विशाल नायक (26 वर्ष) निवासी-झारखंड, और दशरथ नायक (30 वर्ष), निवासी-झारखंड, गेवरा में एबी कोल स्टॉक के पास रेलवे साइडिंग गेवरा में ड्रेनेज का काम कर रहे थे. इसी दौरान अचानक मिट्टी धसकने से दोनों मलबे में दब गए. घटना के बाद दोनों को रेस्क्यू कर बाहर निकाला गया और तुरंत गेवरा के विभागीय हॉस्पिटल ले जाया गया,

## डिप्टी कलेक्टर, रीडर और जमीन खरीददार के खिलाफ जुर्म दर्ज करने हाईकोर्ट का आदेश

**बिलासपुर,26 अक्टूबर।** हाईकोर्ट ने डिप्टी कलेक्टर जय उरांव, रिटायर्ड रीडर एनके पांडे और जमीन खरीददार सुरेन्द्र बहादुर सिंह के खिलाफजुर्म दर्ज करने के आदेश दिए है। यह आदेश एक अवमानना याचिका पर सुनवाई के बाद आया है। मामले की अगली सुनवाई 26 नवंबर को तय की गई है। जय उरांव राजस्व विभाग के सबसे विवादित अधिकारियों में से एक है। इस आदेश के बाद पहली बार उसके जेल जाने की संभावना बढ़ गई है?

मिली जानकारी के अनुसार पौंसरा की 2.15 एकड़ जमीन की खरीदी बिक्री 2013-14 में हुई थी। उस दौरान इस खरीदी को लेकर काफी विवाद हुआ था। बाद में मामला मामला ठंडा होते ही जमीन का नामांतरण भी कर दिया गया। नामांतरण आदेश में तात्कालीन अतिरिक्त तहसीलदार जय शंकर उरांव के हस्ताक्षर हैं। बाद में फेकन लाल शेंडे ने पक्षकार बनते हुए पूरी रजिस्ट्री के साथ ही नामांतरण आदेश के दस्तावेजों की प्रमाणित प्रतिलिपि उपलब्ध कराने के लिए 31 अगगस्त 2024 को तहसील बिलासपुर में आवेदन लगाया। कई बार चक्कर काटने के बाद भी नकल की कापी नहीं मिली तो शेंडे ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर दी।

कोर्ट ने आवेदक को पूरे प्रकरण के दस्तावेज उपलब्ध कराने के आदेश दिए लेकिन अधिकारियों को कोई फर्क नहीं पड़ा और तहसील आफिस से कोई जवाब नहीं दिया गया और न ही नकल दी गई। समय सीमा बीतने के बाद पेखन लाल शेंडे ने हाईकोर्ट में अवमानना याचिका दायर की। कोर्ट ने मामले में एसडीएम बिलासपुर पियूष तिवारी, तहसीलदार अतुल वैष्णव, तहसीलदार मुकेश देवांगन को अवमानना नोटिस जारी किया। जवाब में अधिकारियों ने दस्तावेज और रिकार्ड सौंपने के लिए समय की मांग की।हाईकोर्ट ने समय देते हुए हर हाल में 24 अक्टूबर को रिकार्ड कोर्ट में पेश करने कहा था। इसके बाद पूरी राजस्व की टीम 15 दिनों तक दस्तावेज खोजती रही। रिटायर रीडर एनके पांडे को भी बुलाया गया। लेकिन उस प्रकरण से संबंधित रजिस्ट्री और नामांतरण संबधी एक भी कागज नहीं मिला। अधिकारियों ने इस आशय का जवाब भी कोर्ट में पेश किया कि तहसील आफिस से पूरा रिकार्ड गायब है। इसके साथ ही जवाब पेश किया गया कि रिटायर रीडर एनके पांडे के खिलाफ लापरवाही के मामले में एफआईआर कराने के लिए सिविल लाइन थाने में शिकायत की जा रही है।

## शेविंग करवाने दुकान पहुंचे राहुल गांधी को नाई ने सुनाया अपना दुख

**नई दिल्ली,26 अक्टूबर।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने हाल ही में एक बार फिर स्थानीय नाई की दुकान पर जाकर न केवल दाढ़ी बनवाई, बल्कि वहां काम करने वालों की समस्याओं को भी गहराई से समझा. उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह नाई से बातचीत करते नजर आ रहे हैं. इस वीडियो में राहुल ने नाई अजीत की बातों को शेयर किया जिसने बताया कि कैसे वह दिनभर मेहनत करने के बाद भी शाम को पैसे बचाने की चिंता करता है. राहुल गांधी ने वीडियो के साथ लिखा, 'कुछ नहीं बचता है! अजीत भाई के ये चार शब्द भारत के हर मेहनतकश गरीब और मध्यम वर्ग के व्यक्ति की कहानी बयां करते हैं.' उन्होंने बताया कि बढ़ती महंगाई और घटती आमदनी ने न केवल लोगों को आर्थिक परेशानियों में डाल दिया है, बल्कि उनके आत्मसम्मान और सपनों को भी छीन लिया है.राहुल ने कहा, 'नाई से लेकर मोची, कुम्हार से लेकर बढ़ई तक, हर कोई इसी समस्या का सामना कर रहा है. हमें आज आधुनिक समाधानों की आवश्यकता है ताकि लोगों की आय बढ़े और उनकी बचत घरों में लौट सके.' उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि समाज में प्रतिभा को उसका हक मिलना चाहिए और मेहनत का हर कदम सफल होने की दिशा में बढ़ना चाहिए.राहुल गांधी का यह पहला अनुभव नहीं है. इससे पहले भी वह रायबरेली में नाई की दुकान पर बाल कटवाने गए थे, जहां उन्होंने नाई से उसके काम के घंटे और उसके हुनर के बारे में सवाल किए थे. राहुल की यह कोशिश दरअसल, उनकी चुनावी रणनीति का हिस्सा है, जिसमें वह आम लोगों की समस्याओं को सीधे समझकर राजनीतिक मुद्दों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं.



## केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह के खिलाफ परिवाद दायर

**पटना,26 अक्टूबर।** बिहार के फायरब्रांड नेता और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह इन दिनों अपने 'हिंदू स्वाभिमान यात्रा' को लेकर चर्चाओं बने हुए हैं. इसे लेकर राजनीति भी जारी है. हालांकि इस बीच गिरिराज सिंह एक बड़ी मुसीबत में फंसते नजर आ रहे हैं. दरअसल शुक्रवार को उनके खिलाफ किशनगंज में एक मुकदमा दर्ज कराया गया है. गिरिराज सिंह के खिलाफ परिवाद का यह मुकदमा एआईएमआईएम नेता इम्तियाज आलम ने दायर किया है. शुक्रवार को वह पार्टी के दर्जनों कार्यकर्ताओं के साथ किशनगंज व्यवहार न्यायालय परिसर में पहुंचे और गिरिराज सिंह पर परिवाद दायर किया. बता दें कि सिंह के खिलाफ ये परिवाद 'हिंदू स्वाभिमान यात्रा' के दौरान बांग्लादेशी घुसपैठ सहित अन्य मुद्दों को लेकर दिए गए बयान को लेकर दायर किया गया है. गिरिराज सिंह के खिलाफ परिवाद दायर करने के बाद इम्तियाज आलम ने कहा कि, ÷ 'हिंदू स्वाभिमान यात्रा' के दौरान सभा में मौजूद लोगों को भड़काने की नीयत से आपराधिक साजिश के तहत उन्होंने बांग्लादेशी घुसपैठ के साथ-साथ हमारी धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाला बयान दिए थे.÷ इम्तियाज आलम ने आगे कहा कि, ÷वो हिन्दू मुस्लिम सभी लोगों से अपील करते हैं कि ऐसे नेताओं के बयान की निंदा करें अन्यथा यहां के वातावरण को ये लोग दूषित कर देंगे.





## करंट से तीन हाथियों की मौत

**रायगढ़,26 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में एक दुखद घटना में तीन हाथियों की मौत हो गई है, जिससे वन विभाग में हड़कंप मच गया है. यह घटना घरघोड़ा वन परिक्षेत्र के चुह्कीमार जंगल में हुई है. जहां 11 केवी लाइन के तार टूट जाने के कारण करंट लगने से एक बड़ा हाथी, एक युवा हाथी और एक छोटे हाथी की जान चली गई है. घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई है और आगे की कार्रवाई में जुट गई है. जिला के डीएफओ घटना स्थल के लिए रवाना हो चुके हैं. बताया कि यह घटना जंगल के बीच में बिछे बिजली के तारों के टूटने के कारण हुई, जिससे 3 हाथी करंट के चपेट में आ गए. वन अमला मौके पर मौजूद है और घटना की विस्तृत जांच की जा रही है.

# कलेक्टर गोपाल वर्मा ने बैगा आदिवासियों के साथ किया भोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 26 अक्टूबर।** कबीरधाम जिले के सुदूर वनांचल क्षेत्र पंडरिया विकासखंड के ग्राम पंचायत कांदावानी के आश्रित ग्राम पटपरी में बैगा आदिवासी समुदाय और प्रशासन के बीच आत्मीय संबंध की मिसाल देखने को मिला। जिले के कलेक्टर गोपाल वर्मा ने विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा समुदाय के बीच पहुंचकर एक आदिवासी परिवार नंद लाल बैगा के घर उनके साथ जमीन पर बैठकर भोजन किया। इस अनोखे अवसर पर कलेक्टर ने नंदलाल बैगा के घर में पहुंचकर न केवल उनके साथ भोजन का आनंद लिया, बल्कि उनके जीवन और सांस्कृतिक धरोहर से भी रुबरू हुए। कलेक्टर ने बैगा समुदाय के सांस्कृतिक जीवन और उनकी परंपराओं को करीब से देखा। यह पहल प्रशासन और आदिवासी समुदाय के बीच आपसी विश्वास और संबंध को और मजबूत करने की दिशा में एक अहम पहल है। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल, पंडरिया एसडीएम संदीप ठाकुर, डिप्टी कलेक्टर आर बी देवांगन ने बैगा परिवार के साथ बैठकर भोजन किया। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने बैगा आदिवासियों के साथ भोजन करते हुए कहा कि आपके साथ बैठकर भोजन करना मेरे लिए गर्व और प्रसन्नता की बात है। उन्होंने कहा कि सरकार और प्रशासन आपके



विकास और कल्याण के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। शासन की मंशा है कि आप सभी शासकीय योजनाओं का लाभ उठाएं और अपनी जीवनशैली में सुधार करें। उन्होंने यह भी कहा कि आपके बीच आकर आपकी समस्याओं को नजदीक से समझ रहे हैं और उनके समाधान के लिए ठोस कदम उठाए जा रहे है। आपका सहयोग और समर्थन हमारे लिए महत्वपूर्ण है, और प्रशासन क्षेत्र विकास के लिए पूरी तरह से कार्य कर रही हैं। इस दौरान कलेक्टर ने आदिवासी संस्कृति और खानपान की प्रशंसा करते हुए, उनके आत्मनिर्भर जीवन को सराहा और भविष्य में प्रशासन की ओर से हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। कलेक्टर ने कहा इसका उद्देश्य पिछड़े और विशेष रूप से पिछड़ी जनजातियों के लोगों के साथ सामाजिक एकता और जुड़ाव बढ़ाना है। प्रशासन और आदिवासी समुदाय के बीच संवाद और सहयोग को मजबूत करने के साथ ही आदिवासी समाज की वास्तविक समस्याओं को समझने और समाधान की दिशा में ठोस कदम है। उन्होंने कहा कि बैगा समुदाय छत्तीसगढ़ की महत्वपूर्ण और विशेष पिछड़ी जनजातियों में से एक है। उन्होंने कहा कि योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और आदिवासी समुदाय की स्थिति समझने के लिए महत्वपूर्ण पहल है। कलेक्टर की यह पहल सरकार की योजनाओं और नीतियों को जमीनी स्तर पर लागू करने में मदद करेगी, जिससे बैगा आदिवासी समुदाय का विकास और सशक्तिकरण संभव होगा।

## एक नजर

### जगजीत सिंग नाईट संगीत कार्यक्रम का आयोजन

**भिलाई, 26 अक्टूबर।** सेल-भिलाई इस्पात सयंत्र के क्रीडा सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग द्वारा महात्मा गांधी कला मंदिर, सिविक सेंटर में 26 अक्टूबर शनिवार को जगजीत सिंह नाईट संगीत कार्यक्रम का आयोजन संध्या 7:30 बजे से किया जा रहा है। आयोजन में मुंबई से अंतर्राष्ट्रीय वायलिन वादक, संगतकार व गायक दीपक पंडित व भिलाई के प्रख्यात गायक प्रभंजय चतुर्वेदी अपने सुरों की छठा बिखेरकर संगीत सुधियों को मंत्रमुग्ध करेंगे। मूर्धन्य कलाकार स्व. जगजीत सिंह को समर्पित इस आयोजन में उनके गजल के कायनात को पेश किया जायेगा। आयोजन में श्री प्रभंजय चतुर्वेदी गजल की तमाम बानगियों और खूबसूरती को अपने विशेष अंदाज़ में पेश करेंगे। इसके साथ ही दीपक पंडित अपने सम्मोहक वायलीन वादन व गजल गायकी से गजल की नायाब दुनिया को पेश करेंगे। कार्यक्रम में संगतकार के रूप में तबले पर भालचंद्र शेगेकर व रामचंद्र सर्पे, की-बोर्ड पर दिलीप शर्मा, ढोलक पर भागवत साहू, ऑक्टोपैड पर देवव्रत मजूमदार व दीपंकर दास, बांसुरी पर दुष्यंत हरमुख उपस्थित रहेंगें। कार्यक्रम में प्रवेश पूर्णतया निःशुल्क है।

### गुटखा खाने की लत और सड़कों पर थूकने की आदत चिंतनीय

**कवर्धा, 26 अक्टूबर।** जिले में गुटखा खाने की लत युवाओं में बन रही है देखा जाता है कि बस में गुटखा खाते हुए ओर बाइक चलाते हुए गुटखा खाते हुए इधर उधर बिना देखे सड़को पर गुटखा खाते खाते थूक फेक देते है और स्वच्छता अभियान पर भी प्रतिकूल असर पड़ता है और कई बार लोगों की कमीजों या महिलाओं के ड्रेस पर गुटखा का थूक भी गिर पड़ता है । लोग गुटखा चबाते चबाते फल की दुकान हो या कोई भी दुकान हो सड़क पर थूक फेंकते फेंकते रहते है । गुटखा खाने वालों को समझना चाहिए कि सड़क पर थूक ना फेंककर डस्ट बिन या ऐसी जगह थूक फेकना चाहिए जिससे की कोई दिक्कत ना हो ।

### बाईक चोर गिरफ्तार



**भिलाई, 26 अक्टूबर।** बाईक चोरी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है आरोपी के खिलाफ धारा 303(2) के तहत जुर्म दर्ज किया है सुपेला टीआई राजेश Mishra मिश्रा ने बताया कि मैत्री विहार निवासी संजय शाह ने शिकायत दर्ज कराई थी कि राधिका नगर सुपेला स्थित काली बाडी में अपनी बाइक सीजी 07 एलएच 4638 को खडा किया था अज्ञात ने उसे पार कर दिया सुपेला पुलिस ने सूचना पर कृष्णा नगर सुपेला निवासी युवराज सोनी को पकडा पूछताछ में आरोपी ने बाइक चोरी करना स्वीकार किया बाइक की कीमत 50 हजार रूपए आंकी गई है आरोपी से बाइक को जब्त किया गया।

### पांच हजार की लूट

**भिलाई, 26 अक्टूबर।** भिलाई नर्सिंग होम के पास कांट्रेक्टर कालोनी में वासुदेव वर्मा से झपटमारी की घटना हुई है पीड़ित बीएसपी में ठेका श्रमिक के रूप में काम करता है उसे काम पर पहुंचने में विलंब हो गया था इसलिए वह सुबह साढ़े छह बजे अपने सुपरवाइजर से फोन पर बात करते हुए जा रहा था इसी दौरान बाइक सवार दो बदमाश पीछे से आए और मोबाइल झपटकर भाग गए पुलिस ने बताया कि कैंप-एक वृंदा नगर निवासी वासुदेव वर्मा ने झपटमारी की रिपोर्ट दर्ज कराई है मोबाइल की कीमत पांच हजार रुपये आकी गई है सुपेला पुलिस आरोपितों की तलाश कर रही है।

# प्रोजेक्ट उन्नति से विभिन्न क्षेत्रों में मिल रहा युवाओं को प्रशिक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 26 अक्टूबर।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के द्वारा हर हाथ को कम काम का वाजिब दाम का कहावत पूरा होता दिखता है।क्योंकि एक ओर जहां महात्मा गांधी नरेगा योजना से किसी परिवार को एक वित्तीय वर्ष में 100 दिवस का रोजगार मजदूरी सहित मिल जाता है। तो वही दूसरी ओर सौ दिवस का रोजगार पूरा करने के बाद प्रोजेक्ट उन्नति से विभिन्न क्षेत्रो में व्यावसायिक प्रशिक्षण का रास्ता भी खुलता है। जिससे ग्रामीणों के लिए उद्यमी बनने का मार्ग प्रसस्त होता है।भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) कवर्धा द्वारा वर्तमान में प्रोजेक्ट उन्नति के अंतर्गत दो बैच में महिलाओं को कॉस्ट्यूम ज्वेलरी उद्यमी (ग्राम महाराटोला जनपद पंचायत स.लोहारा) एवं अगरबत्ती निर्माण (ग्राम डबराभाट जनपद पंचायत कवर्धा) का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान कॉस्ट्यूम ज्वेलरी के साथ-साथ बैंकिंग सेवाएं,सेटलमेंट एवम बैंक लिंकेज, प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार करना व्यवसाय को आगे बढ़ना कच्चे माल की उपलब्धता मार्केटिंग सहित शासन की विभिन्न योजनाओं से संबंधित जानकारी दिया जा रहा है। प्रशिक्षण अवधि पूरा होने के बाद अंतिम दिवस प्रतिभागियों का कौशल विकास देखने परीक्षा (एसेसमेंट एग्जाम) का आयोजन लिखित ,मौखिक,और प्रैक्टिकल के रूप में लिया गया। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली महिलाएं मनमोहक एवं खूबसूरत आभूषण बनाना सीख गई है।अब वह अपना स्वयं का व्यवसाय करने के लिए पूरी तरह से सक्षम नजर आ रही है। इस संबंध में जानकारी देते हुए



कलेक्टर कबीरधाम गोपाल वर्मा ने बताया कि भारतीय स्टेट बैंक के आरसेटी शाखा में तीस से अधिक ट्रेड पर प्रशिक्षण दिए जाने का प्रावधान है। प्रोजेक्ट उन्नति का मुख्य आधार महात्मा गांधी नरेगा योजना में कार्य करने वाले पंजीकृत मजदूर परिवार है। इसी क्रम में जनपद पंचायत लोहारा क्षेत्र की महिलाओं का प्रशिक्षण हो रहा है। इस योजना के द्वारा ग्रामीण महिलाएं प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद अब अपना स्वयं का व्यवसाय शुरू कर आत्मनिर्भर की दिशा में आगे बढ़ सकती है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कबीरधाम संदीप कुमार अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रोजेक्ट उन्नति में प्रशिक्षण के दौरान लाभार्थियों को मनरेगा योजना का प्रचलित मजदूरी भुगतान किया जाता है। प्रशिक्षण के बाद प्रमाण पत्र प्रदाय करते हुए भारतीय स्टेट बैंक के द्वारा प्रोजेक्ट उन्नति के लाभार्थियों को मुद्रा लोन जैसे अन्य योजनाओं से जोड़कर व्यवसाय स्थापित करने में आर्थिक मदद की जाती है।एसबीआई आरसेटी कवर्धा के निदेशक श्री के सी साहू द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि योजना से विभिन्न मांग आधारित व्यवसाय का प्रशिक्षण ग्रामीणों को दिया जा रहा है। योजना में ट्रेड के अनुसार प्रशिक्षण के दिनों की संख्या निर्धारित है। तथा कार्यक्रम इन केंपस एवं ऑफ केंपस संचालित किया जाता है जिसमे महिला एवं पुरुष का अलग-अलग बैच निर्धारित रहता है। भारत सरकार द्वारा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग एवं भारतीय स्टेट बैंक के ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान आरसेटी के द्वारा प्रोजेक्ट उन्नति योजना चलाई जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रो में निवासरत ऐसे परिवार जो महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत पंजीकृत हो और जिन्होंने वित्तीय वर्ष 2018-19 के बाद से किसी भी एक वित्तीय वर्ष में परिवार द्वारा 100 दिवस का रोजगार पूर्ण किया हो।उस परिवार के एक सदस्य जो महिला या पुरुष हो उन्हें प्रोजेक्ट उन्नति में शामिल कर व्यावसायिक प्रशिक्षण निशुल्क दिया जाता है। प्रशिक्षण का स्वरूप ग्रामीणों के रुचि अनुसार होता है।वर्तमान में फेब्रिकेशन ब्यूटी पार्लर डेरी फार्मिंग मशरूम उत्पादन,बकरी पालन, कुकुट पालन, सब्जी उत्पादन, मोबाइल फोन रिपेयर पुरुष एवं महिला टेलरिंग कार्य इलेक्ट्रीशियन टीवी टेक्निशियन सहित अलग-अलग प्रकार के 30 से अधिक ट्रेड में विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रत्येक बैच में 25 से 35 प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया जाता है।ट्रेड के अनुसार प्रशिक्षण की अवधि पूर्व निर्धारित होती है जो 30 से लेकर 45 दिनों का होता है।



**कवर्धा।** लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी आफिस में दिखी बेहतर स्वच्छता



**कवर्धा।** अकाउंट ऑफिसर संदीप बरनवाल ने किया रक्तदान। उन्होंने कहा कि सभी लोग रक्तदान अवश्य करें क्योंकि सबसे बड़ा परोपकार रक्तदान है ।

# भारी मात्रा में गांजा का अवैध परिवहन करने वाले दो अंतर्राज्यीय तस्कर गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 26 अक्टूबर।** शासन की मंशा के अनुरूपए कबीरधाम जिले में अवैध मादक पदार्थों एवं नशे के कारोबार पर सख्ती से रोक लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत कबीरधाम पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज दीपक झा (ढ्ढक्क) के मार्गदर्षन एवं पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह (ढ्ढक्क) के निर्देषन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल एवं पंकज पटेल के नेतृत्व में थाना कुकदुर प्रभारी निरीक्षक व्यानारायण चुरेन्द्र द्वारा चलाए गए सघन अभियान के तहत अवैध गांजा परिवहन करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के पास से कुल 245.105 किलोग्राम गांजा जप्त हुआ है जिसकी बाजार कीमत करीबन 61,27,625/- रूपये है। नाम आरोपी01. बबलू सिंह पिता त्रिभुवन सिंह चौहान उर्म 35 साल साकिन वार्ड नम्बर 39 भगवानपुर पोस्टण् कंधईपुर थाना बाबूगंज जिला सुल्तानपुर उ.प्र.2. शिवकुमार पिता मनबोधन लोधी उम्र 28 साल साकिन थाना सरेनी तह लालगंज जिला रायबरेली उप्र

घटना का विवरण-पुलिस अधीक्षक



महोदय के निर्देशानुसारए मादक पदार्थों एवं नशे के कारोबार पर सख्त कदम उठाने के तहत जिले भर में पुलिस द्वारा सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम मेंए थाना प्रभारी कुकदुर निरीक्षक श्री व्यासनारायण चुरेन्द्र द्वारा संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जा रही थी कि दिनांक 24.10.24 को थाना कुकदुर पुलिस को विष्वसनीय सूचना प्राप्त हुई की वाहन ऋण् वाहन टाटा 1109 वाहन में शकर कंद की बोरीयों के नीचे काफी मात्रा में अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा का परिवहन करते हुये पंडरिया से बजाग मुख्य मार्ग से जा रहे है की सूचना पर से हमराह स्टाफ के थाना कुकदुर के सामने मेन रोड़ पर समक्ष गवाहो को साथ लेकर नाकाबंदी कर उपरोक्त वाहन को रूकवा कर विधिवत कार्यवाही किया जा रहा है। आरोपीगण से पुछताछ में आरोपी वाहन चालक बबलू सिंह पिता त्रिभुवन सिंह चौहान उम्र 35 साल साकिन वार्ड नम्बर 39 भगवानपुर पोस्ट कंधईपुर थाना बाबूगंज जिला सुल्तानपुर उप्र एवं षिवकुमार पिता मनबोधन लोधी उम्र 28 साल साकिन व थाना सरेनी तहलालगंज जिला रायबरेली उप्र जो कि बताये की ईलाहाबाद से टमाटर लोड कर सिमली गुढ़ा उडिसा लेकर गये और बिक्री किये एवं बजार मंडी से शकर कंद की खरीदी बाद सिमली गुढ़ा उडिसा से बिचौलिया के द्वारा से संपर्क होने पर से एवं अवैध धन लाभ अर्जित करने के नियत से अवैध रूप से 08 नग जुट की बोरीयों में मादक पदार्थ गांजा खरीदी कर सिमली गुढ़ा उडिसा से परिवहन करते हुये फैजाबाद उप्र ले जा रहे थे। मुखबीर सूचना पर थाना कुकदुर पुलिस जिला कबीरधाम के द्वारा मौका पर थाना के सामने घेरा बंदी कर पुलिस थाना कुकदुर के मुख्य मार्ग पर थाना कुकदुर पुलिस द्वारा आरोपीगणों को पुलिस हिरासत में लिया जाकर धारा 20 ख एनडीपीएसएक्ट अतंर्गत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेजा जा रहा है।पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा उक्त कार्यवाही करने वाली थाना कुकदुर की टीम को नगद ईनाम की घोषणा की गई है।

### अंतिम सभा में महापौर ने 5 साल में किए गए विकास कार्यों की उपलब्धियां गिनाई

**दुर्ग, 26 अक्टूबर।** नगर पालिक निगम दुर्ग की सामान्य सभा की बैठक 11 बजे निगम परिसर में स्थित मोतीलाल वोरा सभागार में हुई।जिसकी शुरुवात राष्ट्रीयगान से किया गया।प्रदेश में होने वाले नगरीय निकाय चुनाव के लिए आचार संहिता लगने से ठीक पहले दुर्ग नगर निगम की अंतिम सामान्य सभा सम्पन्न हुई. अंतिम सामान्य सभा के मौके पर विशेष सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें नगर निगम के सभापति राजेश यादव, महापौर धीरज बाकलीवाल और,नेता प्रतिपक्ष अजय वर्मा, उप नेता प्रतिपक्ष देवनारायण चन्द्राकर सभी एमआईसी सदस्य व वार्डों के पार्षद और आयुक्त लोकेश चन्द्राकर,अधिकारीगण/कर्मचारीगण मौजूद थे.इस विशेष सामान्य सभा में एक तरफ जहां महापौर सहित सभी पार्षदों ने अपने 5 साल का अनुभव साझा किया। निगम की अंतिम सभा में महापौर धीरज बाकलीवाल ने अपने 5 साल में किए गए विकास कार्यों की उपलब्धि गिनाई और सभी पार्षदों ने अपने-अपने 5 साल के अनुभव साझा किए।

### पूर्व विधायक अशोक साहू ने हेलमेट पहनने की अपील की



**कवर्धा, 26 अक्टूबर।** कबीरधाम जिले में बहुत कम लोग हेलमेट पहन रहे है जिस पर चिंता व्यक्त करते हुए सभी लोगों से विनम्र अपील की हेलमेट अवश्य पहने । तेज गति से गाड़ी ना चलाए ओर नशा करके भी गाड़ी ना चलाए । गुटखा खाने ओर सिगरेट , शराब पीने से कैंसर ओर बहुत सारी बीमारी होता है इसलिए सभी लोग गुटखा और सिगरेट , शराब को त्याग दे । यातायात सुरक्षा के मद्देनजर हेलमेट अवश्य पहनना चाहिए क्योंकि देखा जाता है कि हेलमेट नहीं पहनकर वाहन चलाते हुए गलती से एक्सीडेंट होने पर वाहन चालक की स्थिति बहुत गंभीर हो जाती है ।

### गुटखा , सिगरेट और शराब का सेवन भविष्य के लिए खतरनाक :संतोष पटेल



**कवर्धा, 26 अक्टूबर।** कबीरधाम जिले में गांवों और शहरो में युवाओं में गुटखा खाने का प्रचलन बहुत बहुत बढ़ गया है । सुबह से देर रात तक कई गुटखा खा लेते है जो की चिंतनीय विषय है । पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल ने कहा की सिगरेट और शराब पीने और गुटखा खाना युवाओं के भविष्य को बर्बाद करती है और कैंसर के साध साथ कई बीमारी होती है इसलिए मेरी सभी लोगों से विनम्र अपील है की नशा जैसी कुरीतियो से दूर रहे जिससे आप का भविष्य बेहतर हो ओर किसी प्रकार की बीमारी ना हो ।

# तीर्थ स्थलों का दर्शन और हेलीकॉप्टर यात्रा के लिए विधायक रिकेश की नई पहल

**भिलाई, 26 अक्टूबर।** चार धाम यात्रा सहित भारत वर्ष के सभी तीर्थ स्थलों में वीआईपी दर्शन सहित बद्रीनाथए केदारनाथए मां वैष्णो देवी दर्शन के लिए हेलीकॉप्टर आदि की व्यवस्था तथा सुगम और सहज तीर्थ यात्रा के लिए वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने एक नई सुविधा प्रारम्भ की है जिसका लाभ वैशाली नगर विधानसभा के वरिष्ठ नागरिक तथा रहवासी उठा सकेंगे। विधायक रिकेश सेन ने इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि हमारा देश अनादि काल से संस्कृतिए आस्थाए आस्तिकता और धर्म का महान देश है। इसके हर भाग और प्रांत में विभिन्न देवी.देवताओं से सम्बद्ध कुछ ऐसे अनेकानेक प्राचीन और धार्मिक स्थान ;तीर्थद्ध हैंए जिनकी यात्रा के प्रति एक आम भारतीय नागरिक पर्यटन और धर्म अध्यात्म दोनों ही आकर्षणों से बंधा हुआ इन तीर्थस्थलों की यात्रा के लिए सदैव से उत्सुक रहा है। भारत के चारों कोनों में आदि शंकराचार्य द्वारा स्थापित चार



धाम हिन्दुओं के प्रमुख तीर्थ स्थल हैं। बद्रीनाथ उत्तराखण्डए द्वारका गुजरातए जगन्नाथ पुरी ओड़िसाए रामेश्वरम तमिलनाडु चार धाम के आलावा गंगोत्री, यमुनोत्री, हरिद्वार कनखल, ॠषिकेश, गोमुखए देवप्रयागए जोशीमठ,हेमकुंड, वैष्णो देवीए अमरनाथ, मणिकर्णए नैना देवीए वृन्दावनए बरसानाए गढ़मुक्तेश्वरए चित्रकूट, प्रयाग, अयोध्या, नंदीग्राम, काशी विश्वनाथ, गया, बैद्यनाथ मंदिर देवघरए बासुकीनाथ, गंगासागर, तारकेश्वर महादेव मिर्जापुर, कामाख्या,मल्लिकार्जुन, श्रीशैलम, महाबलीपुरम, तिरुपति बालाजी,तिरुवाडी, तिरुचरापल्लीए कन्याकुमारी, शिवसमुद्रमए महाबलेश्वरए एलोरा, अजंता, भीमशंकर ;भीमाशंकर, शिरडी, त्रयंबकेश्वर, ओंकारेश्वर, अवंतिका उज्जैन पुष्कर, करौली, करणी माता,अमरकंटक, मैहर, राम वन सहित अन्य किसी भी तीर्थ स्थलों पर दर्शन के लिए जाने वाले वैशाली नगर के रहवासी विधायक कार्यालय जीरो रोड जैन मंदिर के सामने वैशाली नगर में सम्पर्क कर अपनी यात्रा में किसी भी प्रकार की असुविधा से बचने तथा जिस तीर्थ पर वो जा रहे हैं वहां सरल और सहज ढंग से वीआईपी दर्शन व्यवस्था के लाभ का पत्र प्राप्त कर सकते हैं। विधायक रिकेश सेन ने यह भी बताया कि जिन तीर्थ स्थलों पर उपलब्धता के आधार पर हेलीकाप्टर से पहुंचने की व्यवस्था हैए उसके लिए भी विधायक कार्यालय से बुकिंग और प्रशासनिक सहयोग की जानकारी मुहैया कराते हुए सहयोग व मार्गदर्शन दिया जाएगा।

### सिद्धि स्व सहायता समूह की महिलाएं आत्मनिर्भर



**दुर्ग,26 अक्टूबर।** दुर्ग महिलाओं को विभिन्न तरह के व्यवसाय से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए शुरू की गई राष्ट्रीय आजिविका मिशन का असर अब देखने को मिल रहा है। इसके तहत विभिन्न तरह का व्यवसाय शुरू कर विहान की महिलाएं आत्मनिर्भर हो रही है। दुर्ग जिले के ग्राम बोरीगरका की सिद्धी स्व सहायता समूह समूह की महिलाएं भी इस योजना का लाभ लेकर विगत 5 वर्षो से मोमबत्ती बनाकर उसे बेचने का व्यवसाय कर रही है। इन महिलाओं द्वारा दीपावली पर्व पर बनाए जाने वाले मोमबत्ती की आसपास के क्षेत्र के अलावा विभिन्न जिलों में भी खूब मांग है। यह महिलाएं बड़ी मात्रा में सांचो का इस्तेमाल कर विभिन्न डिजाइन की मामबत्तियां तैयार करती हैं और उसे बेचती हैं। इसके लिए वे कच्चा माल स्थानीय बाजार से खरीदनी है। समूह की महिलाओं की माने तो इस व्यवसाय के लिए उन्हें शासन से सहयोग राशि प्राप्त हुई और इससे इन्होंने मोमबत्ती बनाने का व्यवसाय प्रारंभ किया, जिसके बाद उनकी आर्थिक स्थिति में भी सुधार हुआ है ।

# तीन दिवसीय स्काउट्स एवं गाइड्स रैली का समापन

**भिलाई, 26 अक्टूबर।** भिलाई इस्पात संयंत्र के शिक्षा विभाग एवं भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघए भिलाई के संयुक्त तत्वावधान में बीएसपी सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर. 4 शाला भवन में आयोजित स्काउट्स और गाइड्स का तीन दिवसीय शिविर का समापन 25 अक्टूबर को हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य महाप्रबंधक उत्पल दत्ता उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ने प्रतिभागी छात्रों के टेंट पिचिंग का निरीक्षण किया और गाइडस् द्वारा निर्मित रंगोली एवं हस्त कार्य की सराहना की। उन्होंने स्काउट एवं गाइड के विभिन्न कार्यों एवं गतिविधियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह आपके जीवन निर्माण करने की एक प्रयोगशाला है। स्काउट एवं गाइड के नियम एवं सिद्धांत सार्वकालिक हैं। इन सिद्धांतों को अपना कर हम निश्चित रूप से एक सुदृढ़ समाज एवं राष्ट्र के निर्माण में सहायक बनेंगे। मुख्य अतिथि ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता स्काउट एवं गाइड को तथा सर्वश्रेष्ठ स्काउट, सर्वश्रेष्ठ गाइड तथा सर्वश्रेष्ठ दल को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम का प्रारंभ में जिला आयुक्त स्काउट एवं भिलाई विद्यालय सेक्टर.2 के प्राचार्य विजय सिंह पवार ने स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत करते हुए शालाओं में स्काउट एवं गाइड की वार्षिक गतिविधियों का विस्तार से विवरण दिया। रैली के दौरान स्काउट्स और गाइड द्वारा न्यूनतम उपलब्ध संसाधनों के साथ रहने का अनुभव लिया तथा स्काउट-गाइड के कला कौशल की प्रतियोगिताएं संपन्न हुईं। पहले दिन में स्थल साज-सज्जा स्काउट आंदोलन, गांठों और लाठियों के साथ पायनियरिंगए स्काउट-गाइड गीत और नियम प्रतिज्ञा एवं कलर पार्टी परेड कौशल का परीक्षण हुआ। दूसरे दिन प्राथमिक चिकित्साए बीपी.6ए मेमोरी टेस्टए ड्रिलए समूह नृत्यए कुकिंग प्रतियोगिताओं का परीक्षण हुआ। तीसरे दिन रंगोली ए हैंडवर्क टेंट पिचिंग का परीक्षण हुआ। महाप्रबंधक ;शिक्षाद्ध श्रीमती शिखा दुबे ने स्काउट्सध्गाईड्स को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए इस तीन दिवसीय रैली में सीखी हुई बातोंए अनुशासनए सहयोग की भावनाए अपना काम स्वयं करने की आदत आदि को दैनिक जीवन एवं आचरण में ढालने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर राजेंद्र प्रसादए उप महाप्रबंधकए श्रीमती रूबी बर्मन रॉयए प्रिंसिपल बीएसपी सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर.7 विजय सिंह पवारए प्राचार्य भिलाई विद्यालय सेक्टर.2 ए श्रीमती सरिता शाक्या जिला सचिव एवं वरिष्ठ व्याख्याता भिलाई विद्यालयए सेक्टर.2 श्रीमती वीआर कटियार उप.प्रबंधक, अशोक सिंह उप प्रबंधक तथा विभिन्न बीएसपी स्कूलों के प्रमुख भी उपस्थित थे। बीएसपी सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर.10 की प्राचार्य श्रीमती सुमिता सरकार ने धन्यवाद ज्ञापित किया। संचालक श्रीमती कीर्तिलता देशमुखए डीओसी गाइड एवं सत्यनारायण साहू, डीटीसी स्काउट थे। रैली के सफ्ल संचालन में रोवर्स एवं रेंजर्स की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम का संचालन मनीष तिवारीए कनिष्ठ प्रबंधक शिक्षा एवं डॉ. शीतल चन्द्र शर्मा शिक्षक ने किया।



# बिना अनुमति वृक्षों की कटाई कर की जा रही तस्करी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगांव 26 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ सरकार पर्यावरण संरक्षण की दिशा में विभिन्न तरह के प्रयास करती है यही कारण है कि करोड़ों रुपए खर्च कर हर साल लाखों की मात्रा में वृक्षों क रोपण किया जाता है एवं झूठी वाहवाही लूटा जाता है लेकिन जिस संपदा को बचाने की जिम्मेदारी जिसके ऊपर हो वही अगर उस पर हाथ डालना चालू कर दे तब आप क्या कहेंगे ऐसा ही कुछ मामला आया है राजनांदगांव जिले के खुजजी वन परिक्षेत्र में जहां पर बगैर परमिशन के 117 नग वृक्षों को काट दिया गया है इतना ही नहीं इसके आड़ में सागौन जो की बेशकीमती है उनकी भी तस्करी अब तक किया जा चुका है अब मामला उजागर होने के बाद बैक डेट में परमिशन देकर मामले को रफा दफा करने की तैयारी किया जा रहा है एवं डिप्टी रेंजर एवं रेंजर को बचाने की कवायद किया जा रहा है सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार खुज्जी वन परिक्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बागद्वार में कक्ष क्रमांक 518 परिसर सर्कल कुमरदा में पहले लाखों रुपए खर्च करके



वृक्षारोपण किया गया रोपित पौधे जब बड़े हो गए तब फॉरेस्ट विभाग में पदस्थ अधिकारी पैसे कमाने के चक्कर में खमार जाति के वृक्षों की कटाई प्रारंभ कर दिए वह भी बिना परमिशन के लठो पर जप्त वाला नंबर लगाकर लाखों रुपए कमाने का खेल चल रहा है वही जब हमारे संवाददाता ने इस संबंध में डिप्टी रेंजर मनीष सोनी से बात किया तब उन्होंने कहा की परमिशन लिया गया है जबकि विभागीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार किसी तरह का कोई परमिशन नहीं लिया गया है गौरतलब है कि अभी रायपुर में फॉरेस्ट विभाग का राष्ट्रीय खेलकूद का कार्यक्रम चल रहा है जिसमें सारे अधिकारी रायपुर में ही है और वनों को साफ करने का यह खेल 12 अक्टूबर से चल रहा है ऐसे में परमिशन का सवाल ही नहीं है सूत्रों से मिल जानकारी के अनुसार 117 नग झाड़ को काटा गया है उसके आड में लगभग दो ट्रैक्टर सागोन बेशकीमती वृक्षों को भी काटा गया है जो की गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है बेहद करीबी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अब मामला उजागर होने के बाद रेंजर चंद्रशेखर भंडारी लगातार गांव का दौरा कर रहे हैं एवं ग्रामीणों को बरगला रहे हैं वहीं इस मामले में अब बैक डेट में साइन कर इन दोनों अधिकारियों को बचाने की कवायद चल रही है वहीं दूसरी ओर इस मामले में शिकायतकर्ताओं के द्वारा उच्च स्तर पर शिकायत करने की तैयारी है और इस मामले में बड़ी कार्रवाई होने के भी संकेत मिल रहे हैं।

## एक नजर

### जिला व शहर के स्थानीय दुकानदारों से खरीदी करने की अपील: नीरज कन्नौजे

**राजनांदगांव 26 अक्टूबर।** शहर कांग्रेस दक्षिण मंडल के महामंत्री व कांग्रेस के युवा नेता



नीरज कन्नौजे ने कहा कि दिवाली सीजन में एक-एक शहर जिले में अरबो की खरीदी बिक्री हो रही है। उसमें ऑनलाइन खरीदी के नाम से बाहर वालों को फायदा पहुंचाने की सोची समझी रणनीति चल रही है। श्री कन्नौजे ने आम जनता से अपील करते हुए कहा कि वह ऑनलाइन खरीदी के झांसी में बिल्कुल भी नहीं आए। क्योंकि ऑनलाइन खरीदी से माल डुप्लीकेट भी मिल सकता है और अच्छा भी मिला तो किसी भी तरह की शिकायत आने पर ना सुधरवा सकते हैं और ना ही बदली करवा सकते हैं। इसलिए लोकल व्यापारियों से खरीदी करके अपने शहर जिले के व्यापार व्यवसाय को प्रोत्साहन दें। ऐसा करने से रोजगार के नए-नए अवसर स्थानीय नागरिकों एवं ग्रामीणों को भी मिलेगा। ऑनलाइन खरीदी में पैसा टोटल बाहर जा रहा है और लोकल व्यापारियों को दिवाली जैसे सबसे प्रमुख त्यौहार में मायूस होना पड़ रहा है। श्री कन्नौजे ने भाजपा पर आरोप लगाते हुए आगे कहा कि डिजिटल इंडिया के बहाने लोकल व्यापारियों को अप्रत्यक्ष रूप से नुकसान पहुंचाने का काम कर रही है। इसे आम जनता को समझना होगा। कांग्रेस ने अपने शासनकाल में स्थानीय व्यापार व्यवसाय को बढ़ावा दिया था। लोकल उद्यमियों को बढ़ावा देने रीवा और युपा जैसी योजना शुरू की थी। उल्लेखनीय है कि दक्षिण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के महामंत्री नीरज कन्नौजे आम आदमी से जुड़ी समस्याओं पर बारीकी विश्लेषण करके सार्वजनिक करते रहे हैं। उनके इस तरीके को व्यापक जन समर्थन भी मिलता रहा है। ऑनलाइन खरीदी से ग्राहक का पैसा विदेशों को भी जा रहा है।

### पोट्ठ लईका पहल के तहत अयोजित पालक चौपाल में कलेक्टर एवं एसपी हुए शामिल



**राजनांदगांव 26 अक्टूबर।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग आज छुरिया विकासखंड के आंगनबाड़ी केन्द्र कलडबरी में पोट्ठ लईका पहल के तहत आयोजित पालक चौपाल में शामिल हुए। कलेक्टर एवं एसपी को अपने बीच पाकर बच्चे बहुत प्रसन्न हुए। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने पालक चौपाल में उपस्थित माताओं से बातचीत कर बच्चों के स्वास्थ्य एवं खान-पान के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि स्थानीय खान-पान में भरपूर पोषक तत्वों मौजूद होते हैं। जिनके सेवन से बच्चे सुपोषित हो सकते हैं। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग ने कुपोषण की श्रेणी से बाहर आए सुपोषित बच्चों की माताओं से प्रतिक्रिया ली और बधाई दी। इस दौरान आंगनबाड़ी केन्द्र में नन्हीं बच्ची देविशा का रेडू टू ईट से बनी केक काटकर जन्मदिन मनाया गया। कलेक्टर एवं एसपी ने नन्हीं बच्ची देविशा को आशीर्वाद दिया और जन्मदिन की हार्दिक बधाई दी। उन्होंने गर्भवती माताओं की गोद भराई कर सुपोषण किट प्रदान किया। गर्भवती माताओं पोषणयुक्त खान-पान रखने की सलाह दी, ताकि शिशु स्वस्थ एवं सुपोषित रहे। कलेक्टर एवं एसपी ने आंगनबाड़ी केन्द्र में पोट्ठ लईका पहल से कुपोषण से सुपोषण की श्रेणी में आए बच्चों के पालकों से मुलाकात कर उन्हें शुभकामनाएं दी। उन्होंने बच्चे के पालक से अन्य कुपोषित बच्चों के पालकों से संपर्क कर सुपोषण के संबंध में जानकारी देने का आग्रह किया।

### भारतीय रिजर्व बैंक ने किया वित्तीय साक्षरता जागरूकता कार्यशाला का आयोजन



**डोंगरगढ़ 26 अक्टूबर।** विकासखंड के ग्राम के पंचायत मुसराकला में आवास मेला कार्यक्रम के अंतर्गत वित्तिय साक्षरता कार्यक्रम भी किया गया जिसमें फाइनल लिटरेसी क्रेडिट काउंसलर लीड बैंक के प्रतिनिधि गंगा प्रसाद, काउंसलर आशा कोसे, कोऑर्डिनेटर ज्योति मेश्राम, द्वारा जनपद सीईओ दिव्या ठाकुर, छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक मैनेजर मुसराकला माखनलाल चंद्रवंशी, सरपंच कमल निर्मलकर, सचिव मोहित साहू भी उपस्थित थे।। महिलाओं एवम ग्रामीणों को साइबर जागरूकता , डिजिटल लेन देन, बीमा ,बीमा क्लेम , फ्राड से बचने हेतु 1930 नंबर , या ऑनलाइन अप्लाई के लिए cms.org.inपर, अधिक जानकारी के लिए 14448 नंबर के ,इत्यादि के बारे में जानकारी दिए गए।

### रूद्री स्थित खेल मैदान में जिला स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता सम्पन्न

**धमतरी 26 अक्टूबर।** जिला स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन आज रूद्री स्थित खेल मैदान में किया गया। इस अवसर पर 9 से 18 और 18 से 35 वर्ष तक की आयु वर्ग की महिला खिलाड़ियों ने हॉकी, रस्साकशी, फुटबॉल, व्हॉलीबॉल, खो-खो, एथलेटिक्स, वेटलिफ्टिंग, बास्केटबॉल आदि प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि विधायक धमतरी श्री ओंकार साहू उपस्थित रहे। साथ ही नगरनिगम महापौर श्री विजय देवांगन, श्री रामू रोहरा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कांति सोनवानी, सदस्य श्री खूबलाल ध्रुव, कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी, प्रदेश उपाध्यक्ष कुश्ती संघ श्री लक्ष्मण साहू, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती बी. एक्का, जिला शिक्षा अधिकारी श्री टी.आर.जगदल्ले सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि और अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

# आयुक्त ने की राजस्व वसूली की समीक्षा, कम वसूली पर नाराज, संबंधित का वेतन काटने के दिये निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 26 अक्टूबर।** आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता राजस्व वसूली की समीक्षा के आज की साप्ताहिक बैठक में वार्डवार वसूली की जानकारी लेकर कम वसूली पर नराजगी व्यक्त करते हुये संबंधित सहायक राजस्व निरीक्षक के वेतन काटने के निर्देश दिये। उन्होंने उपायुक्त श्री मोबिन अली से कहा कि यदि वसूली लक्ष्य के अनुरूप प्राप्त नहीं होती है, तो संबंधित का वेतन वृद्धि रोकने की कार्यवाही करे। आयुक्त श्री गुप्ता ने समीक्षा में सहायक राजस्व निरीक्षकों से वार्डवार वसूली की जानकारी ली। उन्होंने नये डिमाण्ड के अनुसार वसूली करने के निर्देश दिये, वसूली की मिलान कर गत सप्ताह की वसूली एवं इस सप्ताह की वसूली में ज्यादा अंतर नहीं होने पर



नराजगी व्यक्त करते हुये संबंधित सहायक राजस्व निरीक्षक का वेतन काटने के निर्देश दिये। उन्होंने उपायुक्त एवं राजस्व अधिकारी श्री अशोक देवांगन से कहा कि वसूली की प्रतिदिन जानकारी लेवे और लक्ष्य के अनुरूप वसूली नही होने पर संबंधित का वेतन वृद्धि रोकने की कार्यवाही करे। उन्होंने कहा कि सभी करदाताओं से उनके मोबाईल नम्बर लेवे जिससे उन्हें फोन कर वसूलीकर्ता के आने की रिपोर्ट ले सके कि वार्ड प्रभारी करदाता के पास पहुंच रहा है कि नही।

आयुक्त श्री गुप्ता ने कहा कि कम वसूली के कारण दीपावली त्यौहार में वेतन देने में कठिनाई आ रही है, शासन द्वारा भी समय समय पर राजस्व समीक्षा में लक्ष्य के अनुरूप वसूली नहीं होने पर नराजगी व्यक्त की जाती है। हर सप्ताह की समीक्षा बैठक में गंभीरता से वसूली करने निर्देशित किया जाता है, फिर भी सहायक राजस्व निरीक्षक वसूली में लापरवाही बरत रहे है, जिसका परिणाम स्वरूप वेतन देने में कठिनाई आ रही है। उन्होंने सभी राजस्व उप निरीक्षकों से भी कहा कि वे लोग भी वसूली में गंभीरता बरते और प्रतिदिन मानिटरिंग कर स्वयं वसूली में जावे। आयुक्त श्री गुप्ता ने दुकान वसूली के संबंध में भी कहा कि संबंधित वसूलीकर्ता अपने अपने क्षेत्र के दुकानों से प्रतिदिन वसूली करे, जिन दुकानदारों के द्वारा अनुबंध नही कराया गया है, उन्हें नोटिस जारी कर अनुबंध करावे, नही कराने पर निरस्तीकरण की कार्यवाही करे।

# दो माह पुराने शराब तस्करी के प्रकरण में फरार आरोपी छुरिया पुलिस की गिरफ्त में

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरिया 26 अक्टूबर।** मामले का विवरण इस प्रकार है कि 16 अगस्त को वाहन क्रमांक एम एच 01 /पी ए 6575 में रात्रि में अवैध शराब तस्करी किए जाने की मूखबीर सूचना पर उक्त वाहन को थाना छुरिया स्टाफ द्वारा रुकवाने का प्रयास किया गया जो उक्त वाहन चालक वाहन को तेज गति से भगा ले जाकर भोलापुर के पास अनियंत्रित कर खेत में घुसा दिया था तथा चालक/आरोपी फरार हो गया था कार की तलाशी लेने पर उसमें से महाराष्ट्र निर्मित संतरा शराब कल 240 हुआ प्रत्येक में 180 एम एल भरी सील बंद कुल 43.200लीटर कीमती16800/रु एवं टाटा इंडिगो कार क्रमांक एम एच 01/ पी ए/6575 को जप्त किया गया था।थाना छुरिया में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 217/24धारा 34(2) पंजीबद्ध कर अज्ञात फरार आरोपी की पतासाजी की जा रही थी।पुलिस अधीक्षक राजनादगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा तथा पुलिस अनु0 अधि0 डोंगरगढ़, श्री आशीष कुंजाम के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी छुरिया के नेतृत्व में गठित टीम



द्वारा तकनीकी साक्ष्य के आधार पर संदेही धर्मेंद्र सुलाखे पिता संपत उम्र 32 साल निवासी सावल थाना साल्हेकसा जिला गोंदिया (महाराष्ट्र) से पूछताछ करने पर अपराध धारा कारित करना स्वीकार करने पर गिरफ्तार कर आरोपी को दिनांक 25/10/24 को न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय पेश कर जेल दाखिल किया गया ।उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी छुरिया निरीक्षक संतोष भुआर्य, स उ नि सत्तू लाल कवर आरक्षक क्रमांक 160 देवीलाल साहू आरक्षक क्रमांक 407 फुलेंद्र राजपूत एवं अन्य थाना स्टाफ छुरिया का योगदान सराहनीय रहा।

## शहर में बेतरतीब एवं नो पार्किंग में खड़े 30 वाहनों पर कार्रवाई

**छुरिया 26 अक्टूबर।** 25 अक्टूबर को पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अति0 पुलिस अधीक्षक नक्सल ऑपरेशन श्री मुकेश ठाकुर, अति0 पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी निरीक्षक श्री अजय खेस सउनि कमल किशोर श्रीवास्तव, शरद मसीह एवं यातायात टीम द्वारा शहर में बेतरतीब तरीके से नो पार्किंग मे खड़े 30 वाहनों पर एमवी एक्ट के तहत् कार्यवाही कर 9000/- रूपये समन शुल्क वसूल किया गया। यह कार्यवाही लगातार जारी रहेगा। सभी वाहन चालकों से अपील है कि अपने वाहन निर्धारित स्थल पर ही पार्किंग करें। यातायात व्यवस्था बनाये रखने में यातायात पुलिस का सहयोग करें एवं असुविधा से बचे।



## समाचार संक्षेप

### वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को इनाम वितरण



**नगरी 26 अक्टूबर।** शासकीय श्रृंगी ऋषि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नगरी में निबंध और चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार वितरण किया गया, उल्लेखनीय है कि वन मंडल धमतरी के वन परिक्षेत्र नगरी के द्वारा 2 अक्टूबर से 8 अक्टूबर 2024 तक वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह के दौरान चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था, प्रतियोगिता में पांचवी से आठवीं वर्ग के बच्चों के लिए चित्रकला, वन्य प्राणी और जल संरक्षण पर निबंध का विषय दिया गया था, इसी प्रकार 9 वीं से 12 वीं के लिए प्राणी संरक्षण आवश्यक क्यों.? वन्य जीवों की संख्या में कमी या खतरे के कारण विषय दिया गया था, प्रतियोगिता का समय 11꞉00 बजे से 12꞉00 बजे तक आयोजित किया गया था, जिसमें 51 प्रतिभागियों ने भाग लिया, बच्चों ने इस आयोजन में शामिल होकर इस आयोजन में शामिल हुए और अपने प्रतिभा का बखूबी इस्तेमाल किया है,जिसमें कुमारी दिशा यादव,पल्लवी मरकाम हर्षित यादव,श्रीग्यांशी यादव,आरती साहू,किरण साहू,प्रियंका साहू,वेदिका साहू, चित्र कला में नज़हत सिद्दीकी,आर्य ताम्रकार कहकशा परवीन,रागनी मरकाम,भूमिका साहू,डाली साहू, भूमिका साहू,उज्जवला साहू, इन सभी छात्रों को प्रशस्ति पत्र के साथ शील्ड प्रदान कर पुरस्कृत किया गया, इस अवसर पर एसडीओ जितेंद्र कुमार साहू, प्राचार्य एस.के प्रजापति,बीआरसी रामू लाल साहू,ए.बी.ई.ओ.माहेश्वरी ध्रुव डिप्टी रेंजर ओ.पी. चंदनिया, त्रिलोचन कश्यप,राजाराम साहू,शिक्षक शिक्षिकाएं एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

### मवेशी धर-पकड़ अभियान में निगम की टीम ने आज पकड़े 9 मवेशी

**राजनांदगांव 26 अक्टूबर।** दीपावली त्यौहार के मद्दे नजर शहर में भीड का वातावरण निर्मित हो रहा है, किन्तु पशु मालिकों की लापरवाही से मवेशी चौक चौराहों में घुमते एवं बैठे रहते है,जिससे यातायात बाधित हो रही है एवं दुर्घटना की संभावना बन रही है, जो आमजनों के साथ ही पशुओ के लिये भी घातक है। क्योकि दुर्घटना से मवेशी घायल हो जाते है, कई मवेशियों की मृत्यु भी हो जाती है। दुर्घटना से बचाने नगर निगम द्वारा मवेशी धर पकड अभियान चलाया जा रहा है, अभियान के तहत आज शहर में 9 घुमंतु एवं बैठे मवेशी पकड़कर कन्हारपुरी कांजी हाउस पहुँचाया गया, जहॉ से मवेशी छोडाने पर अर्थदण्ड लेकर छोडने की कार्यवाही की जावेगी। मवेशियों को पकड़ने कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल द्वारा दिये गये निर्देशानुसार निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने उपायुक्त श्री मोबिन अली के नेतृत्व में नगर निगम की टीम गठित की है। गठित टीम द्वारा मेवशी धर-पकड़ अभियान चलाकर मवेशी मालिकों को मवेशी बांधकर रखने समझाईस दी जा रही है, समझाईस उपरांत भी कुछ मवेशी मालिक अभी भी मवेशी खुला छोड देते है, जिससे दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। उन्होंने बताया कि एक क्षेत्र में अभियान चलाने पर दूसरे क्षेत्र में मवेशी बैठने की शिकायत आती है, इस आधार पर धर पकड अभियान सफल नहीं हो पाता, इसके निराकरण के लिये मवेशी मालिको को अपना मवेशी बांधकर रखना होगा। उन्होंने कहा कि मवेशियों की दाना पानी एवं उनकी सुरक्षा के लिये गौ सेवकों की बैठक लेकर उनसे भी राय मशवरा की गयी है। नगर निगम की घुमन्तु मवेशियों को पकड़ने गठित टीम चौक चौराहो से घुमन्तु मवेशियों को पकड़ने की कार्यवाही कर रही है। इसी कडी में आज कमला कालेज, आर.के.नगर रोड, हाईवे रोड, आर.डी.सी. हास्पिटल, गुरूद्वारा रोड, महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल के पास से 9 घुमन्तु एवं बैठे मवेशियों को पकड़कर कन्हारपुरी कांजी हाउस में रखा गया है एवं उन्हें छोडने पर 570-570 रूपये संबंधित से अर्थदण्ड लेकर मवेशी छोडा जायेगा। आयुक्त श्री गुप्ता ने दीपावली त्यौहार को देखते हुये दुर्घटना से बचने मवेशी मालिको से अपने जानवर को निर्धारित स्थल में बांध कर रखने तथा चौक-चौराहों व सड़कों पर घुमने पशुओं को खुला न छोड़ने की अपील की है। अपालन की स्थिति में मवेशी मालिकों के उपर कार्यवाही करते हुये अर्थदण्ड अधिरोपित किया जायेगा।

### गांजा तस्करी का पूरा चेन ध्वस्त करने में राजनांदगांव पुलिस को मिली बड़ी सफलता

**राजनांदगांव 26 अक्टूबर।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पूरे जिले में नशीले पदार्थों की तस्करी के विरूद्ध अभियान चलाया जा रहा है। 24 अक्टूबर को एक चार पहिया वाहन में भारी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ गांजा ओड़ीसा से



तसकरी कर मध्यप्रदेश लेजा रहा है जो राजनांदगांव के घुमका क्षेत्र से होकर गुजरेगा। इस संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना दिया गया जिसपर तत्काल मादक पदार्थो की तस्करी पर अंकुश लगाने हेतु पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री मुकेश ठाकुर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में एस.डी.ओ.पी. श्री दिलीप कुमार सिसोदिया के पर्यवेक्षण में प्रभारी सायबर सेल श्री विनय पम्मार के नेतृत्व में सायबर सेल राजनांदगांव एवं थाना प्रभारी घुमका निरीक्षक बसंत बघेल की संयुक्त टीम गठित कर गवाहान को साथ लेकर थाना घुमका क्षेत्र के मोंहदी चौक ग्राम मोंहदी के पास नाकाबंदी पाइंट लगाया गया। कुछ समय पश्चात मुखबीर द्वारा बताये गये नंबर वाली एक चार पहिया वाहन टाटा डी.आई. 207 क्रमांक सीजी-04-जेबी-1697 आते दिखी जिसे पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर रूकवाया गया वाहन चालक उतर कर भागने की कोशिस किया जिसे पुलिस पार्टी द्वारा पकड़ा गया जो अपना नाम धनराज पटेल पिता स्व. भगेला पटेल उम्र 38 साल निवासी नेवनारा तह. बेरला, थाना बेरला जिला बेमेतरा बताया और उसके साथ बैठा व्यक्ति अपना नाम बेदा बेरो पात्रो पिता उजल पात्रो उम्र 32 साल, निवासी ग्राम सुलेसूरू पोस्ट मानिकरा, थाना एम रामपुर, जिला कालाहाण्डी का रहने वाला बताया।

## आयुष ग्राम बेलरगोंदी में मासिक स्वास्थ्य एवं जन जागरूकता चिकित्सा शिविर का आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरिया 26 अक्टूबर।** संचालनालय आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध एवं होम्योपैथी (आयुष) छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशन एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ शिल्पा पांण्डेय राजनांदगाँव के कुशल मार्गदर्शन में एकदिवसीय निःशुल्क मासिक स्वास्थ्य स्वास्थ्य एवं जन जागरूकता चिकित्सा शिविर आयुष ग्राम शासकीय आयुर्वेद औषधालय बेलरगोंदी में दिनांक 25/10/2024 को आयोजन किया गया । शिविर का शुभारंभ ग्राम के श्री रामदास वर्मा, श्री मानिक पटेल, रामसुख साहू,श्री अमर सिंह, श्री धीरपाल कंवर, श्रीमती तुलसा बाई (स्व सहायता समूह) शिविर प्रभारी डॉ अनिरुद्ध पटेल, श्री देवदास साहू (फार्मासिस्ट आयुर्वेद), श्री शंकर लाल कंवर ( पी .टी. एस.), श्री छगन राम वर्मा ( योग प्रशिक्षक), एवं गणमान्य नागरिकों के द्वारा भगवान



धन्वंतरि की पूजा अर्चना कर किया गया। इस शिविर में 87 मरीज का परीक्षण कर निःशुल्क औषधि प्रदान किया गया लाभान्वित हुए । एवं शिविर में ,बी पी, शुगर जाँच एवं नेत्र जांच किया गया। इस शिविर में शिविर प्रभारी डॉ अनिरुद्ध कुमार पटेल (नोडल अधिकारी दुर्ग संभाग) ,श्री देवदास साहू , श्री शंकर लाल कंवर, योग प्रशिक्षक श्री छगन राम वर्मा , नेत्र सहायक अधिकारी मुकेश कुमार साहू, एवं श्री महेंद्र पाल ( आर.एच. ओ.) इत्यादि ने अपनी सेवाए दी ।

## जनजातीय राष्ट्रीय गौरव दिवस रानी सूर्यमुखी कालेज में मनाया गया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरिया 26 अक्टूबर।** 15 नवम्बर को देश भर में राष्ट्रीय जनजाति गौरव गाथा अतीत,धार्मिक एवं साँस्कृतिक गाथाओं को जन-जन तक पहुँचे इसलिए देश भर के स्कूल शालाओं में 18 अक्टूबर से 15 नवम्बर तक कार्यक्रम प्रसारित होगा.... शासकीय सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय में एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन छुरिया कालेज में आयोजित किया गया,,, कार्यक्रम का संचालन कालेज के प्राचार्य डॉ. सुषमा चौरे ने किया मुख्य वक्ता श्री एम.डी. ठाकुर रहे उन्होंने जनजातिय गौरव समाज के बारे मे बड़े ही विस्तार से अपने विचार रखे इस कार्यक्रम में उपस्थित जनभागीदारी समिति अध्यक्ष राजेश्वर धुर्वे,श्री आत्माराम चंद्रवंशी, यूवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष सोहन साहू,जोहरी राम,एवं कालेज के प्राध्यापक एवं छात्र छात्राएँ उपस्थित रहे।




## शिविर में बड़ी संख्या में विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत सामग्रियों का वितरण

# जिला प्रशासन पहुंचा जिले के अंतिम छोर एवं वनांचल ग्राम परेवाडीह

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 26 अक्टूबर।** राज्य शासन की मंशा के अनुरूप जिला प्रशासन द्वारा गांव के अंतिम व्यक्ति को शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए जिले के छुरिया विकासखंड के अंतिम छोर एवं वनांचल ग्राम परेवाडीह में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधायक खुज्जी श्री भोलाराम साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता साहू, कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग शामिल हुए। जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का अतिथियों द्वारा अवलोकन किया गया। उपस्थित अतिथियों द्वारा शासन की योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों को संबंधित विभागों के स्टॉल में पहुंचकर सामग्री का वितरण किया गया। शिविर में शासन की योजनाओं के अंतर्गत समाज कल्याण विभाग द्वारा



ट्रायसायकल, कृषि विभाग के हितग्राहियों को मोनोब्लॉक एवं स्प्रेयर पंप, श्रम विभाग के हितग्राहियों को श्रमिक कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत आवास निर्माण होने पर हितग्राहियों को पूर्णता प्रमाण पत्र एवं चाबी वितरण किया गया। इसी तरह मत्स्य विभाग में संचालित योजनाओं के अंतर्गत हितग्राहियों को मछली जाल एवं आईस बाक्स, परिवहन विभाग द्वारा शिविर में बनाए गए लर्निंग लाईसेंस, योजना एवं सांख्यिकी विभाग द्वारा मृत्यु प्रमाण पत्र वितरण किया गया। शिविर में गर्भवती माताओं की गोद भराई के लिए सुपोषण किट प्रदान किया गया तथा नन्हे बच्चों का अन्न-प्राशन्न किया गया। गर्भवती माताओं को अच्छा खान-पान रखने की सलाह दी गई। ताकि उनके शिशु स्वस्थ एवं सुपोषित रहें। शिविर में 259 आवेदनों को निराकरण किया गया।

खुज्जी विधायक श्री भोलाराम साहू ने कहा कि खुज्जी विधानसभा के अंतिम गांव के नागरिकों की समस्याएं, मांग एवं शिकायतों के निराकरण के लिए जिला स्तरीय जनसमस्या शिविर का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि जनसामान्य की समस्याओं का निराकरण एवं योजनाओं की जानकारी देने जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित है। उन्होंने नागरिकों को सभी स्टॉलों का अवलोकन कर शासकीय योजनाओं से लाभान्वित होने कहा। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता साहू ने कहा कि शासन की योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए विकासखंड के अंतिम ग्राम परेवाडीह पूरा जिला प्रशासन पहुंचा है। उन्होंने लोगों को इसका लाभ अधिक से अधिक लेने कहा। शिविर में विभागीय स्टॉलों के माध्यम से शासकीय योजनाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी दी जाती है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान कार्ड हर व्यक्ति को बनाना चाहिए। इसके तहत 5 लाख रूपए तक निःशुल्क ईलाज सभी अस्पतालों में करा सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत सभी गांवों में गरीब परिवारों को प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत हो रहा है। राज्य शासन द्वारा महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं को एक हजार रूपए खातों में सीधे मिल रहा है। जिससे महिलाएं अपनी आवश्यकताओं की वस्तुए खरीद पा रही है। उन्होंने लोगों को सभी विभागों की शासकीय योजनाओं का लाभ लेने के लिए कहा। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने कहा कि जनसामान्य की सुविधा और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से जोडने् के लिए समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया जाता है।

## एक नजर

### विज्ञान एवं गणित प्रोत्साहन योजना अंतर्गत आवेदन 15 नवंबर तक



**सुकमा, 26 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सत्र 2024-25 से विज्ञान एवं गणित प्रोत्साहन योजना को छात्रवृत्ति पोर्टल के माध्यम से आनलाईन आवेदन आमंत्रित की जा रही है। आवेदन हेतु कक्षा 11 वीं व 12वीं के पात्र विद्यार्थियों के पंजीयन व सत्यापन हेतु 25 अक्टूबर 2024 से लिंक व पोर्टल से आवेदन कर सकते है। आवेदन की अंतिम तिथि 15 नवंबर 2024 को तक निर्धारित की गई है। आवेदन करने हेतु कक्षा 11वीं एवं 12वीं में विज्ञान (मैथेमेटिक्स व बॉयोलाजी) संकाय के पात्र विद्यार्थियों का आवेदन स्कूल लॉगिन से किया जाएगा। विद्यार्थी के कक्षा 10वीं के रोल नंबर के माध्यम से पंजीयन किया जा सकेगा। योजना के तहत कक्षा 10वीं/ 11वीं में 70 प्रतिशत से अधिक अंक से उत्तीर्ण विद्यार्थी ही पात्र होंगे साथ ही दिव्यांग विद्यार्थी हेतु 10 प्रतिशत की छूट रहेगी। केवल विज्ञान वर्ग (मैथेमेटिक्स व बॉयोलाजी) संकाय में अध्ययनरत विद्यार्थी ही पात्र होंगे। लाभार्थी के बैंक खाते से संबंधित जानकारी दर्ज करना होगा। राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा (नेशनल टेलेंट सर्ज इग्जाम ) में चयन हुये विद्यार्थी इस योजना हेतु पात्र नहीं होंगे। सभी जानकारी अंग्रेजी के बडे अक्षरो में भरा जाना अनिवार्य होगा।

### नगर पालिका का सार्वजनिक शौचालय बना मयखाना



**दंतेवाड़ा 26 अक्टूबर।** नगर के पुराने साप्ताहिक बाजार, नवनिर्मित इंडोर स्टेडियम तथा हाईस्कूल मैदान के समीप ही नगर पालिका का दशकों पुराना एक बड़ा सा सुलभ शौचालय है। साप्ताहिक बाजार यहां से हटने के बाद से सुलभ शौचालय बंद पड़ा है। बंद शौचालय बीते कई सालों से मयखाना में तब्दील हो चुका है। नगर पालिका का हाल तो सर्वविदित है कि वो कुंभकर्णी नींद में सोई रहती है उन्हें नींद से जगाना पड़ता है तब जाकर वे जनहित में कोई काम कर पाते हैं। सांच को आंच की आवश्यकता नहीं होती। खबरों के साथ लगे इस तस्वीर को देख कोई भी यकीन कर लेगा कि इस सुलभ काम्पलेक्स का उपयोग किस तरह से शराब बेचने के लिए किया जा रहा है। दशकों पहले लाखों रूपए खर्च कर बनाए गए इस सुलभ शौचालय को नगर पालिका ने लावारिश हाल में छोड़ रखा है। शौचालय भवन की स्थिति काफी जर्जर हो चुकी है। अंदर लगे टाईल्स समेत अन्य सामाग्री भी टूटफूट चुके हैं। शौचालय के अंदर अथाह गंदगी अटी पड़ी है। शायद इस शौचालय का उपयोग नहीं हो पाने के चलते शराब बेचने वालों ने इसे अपने उपयोग में लेने का सोचा होगा। प्रतिदिन पीछे नदीपार गांव से कुछ महिलाएं आती हैं गेलन भर शराब लाकर शौचालय के अहाते में बैठती हैं और शराब बेचती हैं जो शराब बच जाता है उसे शौचालय में बने कमरों में सुरक्षित रख ताला लगाकर चली जाती है। ये हाल है हमारे नगर पालिका का जो एक अदद अपनी बनाई हुई शौचालय तक को नहीं सम्हाल पा रही है और पुरा शहर साफ रखने का जिम्मा अपने कांधों पर ले रखा है। दो दिनों बाद इंडोर स्टेडियम में बने 15 दुकानों की नीलामी है। दुकान लेने वाले लोगों को आगे चलकर इसी शौचालय का उपयोग करना है । ऐसे में इस मयखाना बने शौचालय का जीर्णोद्वार भी पालिका को करवाना होगा। सुलभ काम्पलेक्स जब उपयोग में आएगा तो अपने आप ही यहां गलत काम बंद हो जाएंगे और यह जनोपयोगी भी साबित होगा।

### परख-2024 के सफल क्रियान्वयन के लिए स्कूलों में अभ्यास कार्य जारी

**सुकमा, 26 अक्टूबर।** राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा रायपुर के आदेशानुसार सुकमा जिले में परख-2024 की सफल क्रियान्वयन हेतु जीआर मण्डावी जिला शिक्षा अधिकारी सुकमा ने जिले के लिए व्यापक कार्य-योजना बनायी है जिसमें श्री उमाशंकर तिवारी डीएमसी समग्र शिक्षा को जिला नोडल अधिकारी, सीताराम सिंह राणा एपीसी को सहायक नोडल अधिकारी सहित विकासखंड स्तर पर खंड स्त्रोत समन्वयक नोडल अधिकारी के साथ-साथ कक्षा 3रीं, 6वीं एंव 9वीं के लिए विषयवार नोडल अधिकारी बनाये गया है। विषयवार प्रश्न पत्र, ओएमआर शीट, पी.क्यू.एसक्यू की जानकारी विषयखंड कार्यशाला के माध्यम से शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। सीताराम सिंह राणा एपीसी ने बताया कि विकासखंडवार पीएलसी विषयवार गठन किया जाकर प्रश्न पत्र एंव ओ एम शीट शिक्षकों को उपलब्ध कराए जा रहे है। शिक्षकों के द्वारा हायर थिंकिंग आर्डर के प्रश्न कैसे हल किए जाते है उसकी तकनीक बच्चों को बताई जा रही है। स्कूलों में बच्चों को सतत अभ्यास कार्य जारी रहे इस हेतु एफ एल एन के विषयवार मेन्टर के द्वारा संकुलों में कक्षा 3 रीं के बच्चों की जिम्मेदारी दी गयी की वे अपने संकुल में अभ्यास कार्य नियमित कराए। प्रधानाध्यापक एंव नवाचारी शिक्षकों को कक्षा 6वीं तथा प्राचार्य व्याख्याता को क़क्षा 9वी के बच्चों नियमित ट्रेकिंग करने को कहा गया है। जिसकी मानीटरिंग नोडल अधिकारी के द्वारा किया जा रहा है। आगामी 4 दिसंबर को परख प्रस्तावित है। ' परख 2024 के लिए पी एम स्कूल श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुकमा को आर.सी.सी.एस कन्ट्रोल रूम बनाया गया है।श्री अनिल कुमार मेश्राम प्रधानाध्यापक को जिला समन्वयक परख हेतु जिम्मेदारी दी गयी है।

# नगरीय निकायों में दशकों से जमे कर्मचारियों को हटाया जाए : चंदन ध्रुव

## पार्षद ने नगरीय प्रशासन मंत्री को लिखा पत्र

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 26 अक्टूबर।** निकाय चुनाव से ठीक पहले दंतेवाड़ा नगर पालिका पार्षद चंदन ध्रुव ने एक ही निकाय में कई दशकों से अंगद की तरह पैर जमाए बैठे कर्मचारियों को अन्यत्र निकायों में स्थानांतरण किए जाने की मांग की है। पार्षद ने नगरीय प्रशासन मंत्री को इस संबंध में पत्राचार भी किया है।

दंतेवाड़ा नगर पालिका में भाजपा पार्षद चंदन ध्रुव ने नगरीय निकाय चुनाव के ठीक पहले निकायों में दशकों से जमे अधिकारी कर्मचारियों को हटाये जाने का ज्वलंत मुद्दा उठाकर निकायों में हलचल मचा दिया है। दंतेवाड़ा नगर पालिका के चर्चित पार्षद हैं चंदन ध्रूव । ये वही पार्षद हैं जो कुछ माह पहले अपने वार्ड में नालियों की सफाई नहीं होने से नाराज होकर खुद ही नाले में उतर गए थे और नालियों में जमे गंदगी को साफ कर डाला था। चंदन ने एक चर्चा में तरूण छत्तीसगढ को बताया कि मेरे द्वारा पूर्व में भी दशकों से एक ही निकाय में जमे अधिकारी कर्मचारियों को एक निकाय से दुसरे निकाय में ट्रांसफर करने की मांग उठाई जा चुकी है और एक बार पुनः मैं इस मांग सरकार के समक्ष रख रहा हूं। श्री ध्रुव ने कहा कि दंतेवाड़ा जिले में कुल 5 नगरीय निकाय अस्तित्व में है, जिनमें 3 नगर पालिका परिषद व 2 नगर पंचायत शामिल हैं। इनमें नवगठित बारसूर नगर पंचायत को छोड़कर अन्य निकायों में ज्यादातर अधिकारी-



कर्मचारी कई साल से एक ही निकाय में कुंडली मारे बैठे हैं, कुछ दशक डेढ दशक से एक ही स्थान पर पदस्थ हैं। इससे उन अधिकारी कर्मचारियों में एकरसता की वजह से अपने दायित्वों के प्रति उदासीनता तो बढ़ ही गई है, कर्मचारी एक जगह सालों से जमे रहने से अपने कर्त्तव्यों के प्रति अकर्मण्य भी हो गए हैं। दंतेवाड़ा निकाय में भ्रष्टाचार व अनियमितताओं की कई शिकायतें भी सामने आने लगी है। श्री धुव ने कहा कि शिकायत के बावजूद भी लापरवाह एवं अनियमिता बरतने वाले अधिकारी-कर्मचारियों का ट्रांसफर नहीं होना चिंताजनक है। आखिर सरकार की स्थानांतरण नीति निकाय पर लागू क्यों नहीं होता? दंतेवाडा निकाय में तो एक अधिकारी पिछले 35 साल से पदस्थ है। कई कर्मचारी तो जिस निकाय में पदस्थ हुए वहीं रिटायर भी हो गए मगर उनका कहीं ट्रांसफर नहीं हुआ। एक ही निकाय में सालों से जमे रहने से अधिकारी-कर्मचारियों में अहम की भावना आ जाती है और फिर कर्मचारी ईमानदारी के साथ अपना कर्त्तव्य नहीं निभाते। आलम यह हो जाता है कि चुने हुए निकाय के पार्षदों की भी ये नहीं सुनते न ही अपने अधिकारियों की बात सुनते हैं। कभी कभी तो टकराव जैसी स्थिति निर्मित हो जाती है। नगरीय निकायों में ऐसे कई मामले देखने सुनने में आते रहे हैं। लंबे समय एक जगह पर जमे अधिकारी कर्मचारियों के चलते दंतेवाड़ा निकाय की व्यवस्था लचर भ्रष्ट हो गई है। निकाय में जनहित का कोई काम सही ढंग से नहीं हो पा रहा है। इसलिए यह आवश्यक है कि दशकों से एक जगह पर जमे कर्मचारियों को हटाया जाए। इसके लिए नगरीय प्रशासन मंत्री समेत संचनालाय तक मेरे द्वारा पत्र लिखा गया है।

# भारतीय किसान संघ ने किसानों के विभिन्न समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए सीएम के नाम कुरूद एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कुरूद 26 अक्टूबर।** भारतीय किसान संघ छत्तीसगढ़ प्रदेश किसान हित को लेकर निरंतर प्रयासरत रहता है एवं समय समय पर किसानों के मुद्दों को आदोलनों एवं ज्ञापनों के माध्यम से सरकार के समक्ष उठाते रहता है। भारतीय किसान संघ किसानों के प्रमुख विषयों को ज्ञापन के माध्यम से मुख्यमंत्री को इन पर तत्काल कार्यवाही करते हुए निराकरण की मांग की। जिसमे गौ वंदन योजना लागू की जाए तथा गौ माता के पोषण, संरक्षण व संवर्धन हेतु एवं जहर मुक्त गौ आधारित जैविक खेती को बढ़ावा देने तथा गौ माता को पुनः घरों में प्रतिस्थापित करने हेतु प्रत्येक गौ पालक को 1000 प्रति गाय, प्रति माह अनुदान दिया जाए। धान पर प्रतिवर्ष 3100 की राशि में केंद्र द्वारा समर्थन मूल्य में बढ़ाई गई राशि



जोडकर किसानों को दी जाए। पूर्ववर्ती सरकार की किसान न्याय योजना की लंबित चौथी किश्त की राशि किसानों तत्काल भुगतान की जाए। धान खरीदी पूर्ववत् । नवंबर से प्रारंभ की जाए। टोकन पश्चात् किसानों को बारदाना प्रदान करे।आनलाईन टोकन काटने के बाद एक माह के लिये लॉक किया जावे। किसानों के लिये बनाये गये नियमों में किसी प्रकार से राजनैतिक व प्रशासनिक एवं नेताओ द्वारा हस्तक्षेप न किया जाये। धान खरीदी केन्द्र को पूर्णतः स्वतंत्र किया जाये ताकि समय पर धान खरीदी हो सके, पानी एवं अप्राकृतिक आपदा जैसे पानी और रतजगा किसानो को न करना पड़े। सभी फसलों की खरीदी समर्थन मूल्य पर की जाए। प्रदेश में दलहन तथा तिलहन का रकबा बढ़ाने हेतु तथा फसल विविधीकरण को प्रोत्साहित करने हेतु धान के अतिरिक्त अन्य फसलों पर प्रति एकड़ 20,000 की आदान सहायता राशि (इनपुट सब्सिडी) दी जाय। ग्रामीण क्षेत्रों में ट्रांसफार्मर खराब होने पर 3 दिनों के भीतर बदला जाय । अन्न (मिलेट्स) की खेती करने वाले किसानों को 25,000 प्रति एकड़ इनपुट सब्सिडी दी जाए। प्रत्येक तहसील में जेनरिक मेडिकल स्टोर की तर्ज पर जेनरिक कृषि केन्द्र खोला जाए, जहां कृषि से संबंधित सभी दवाएं, टॉनिक, उर्वरक आदि उचित मूल्य पर उपलब्ध हो। किसानों के फसल क्षतिग्रस्त होने पर आरबीसी 684 के तहत आपदा राहत राशि देने के लिए जमीन की अधिकतम सीमा 25 एकड़ से घटाकर 5 एकड़ कर दी गई है इसे पुनः 25 एकड किया जाय। राजस्व संबंधित विषयों का निराकरण समय सीमा में किया जाए। राजस्व में भ्रष्टाचार दीमक तरह फैल गया है, भ्रष्टाचार रोकने हेतु उपयुक्त उपाय किये जाए। किसान की अकाल मृत्यु होने पर उसे 10 लाख मुआवजा दिया जाए। केंद्रीय विद्यालय की तर्ज पर किसानों के मेधावी बच्चों के लिए स्कूल खोले जाएं एवं स्कूली पाठ्यक्रम में कृषि विषय जोड़ा जाए। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष लाला राम चंद्राकार, ब्लाक अध्यक्ष ठाकुर राम साहू, रमन लाल साहू, श्री राम ध्रुव, मुकेश बैस, हिमेंद्र कुमार, गजाधर यादव, भुनुराम, उत्तम, किरण, तुलसी बाई सहित कृषक गण उपस्थित थे।

# गांवों के समूह को ग्राम के रूप में घोषित करने सार्वजनिक सूचना प्रकाशित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा, 26 अक्टूबर।** कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव द्वारा छत्तीसगढ़ पंचायतराज अधिनियम 1993 के प्रावधानों के अधीन विकाखण्ड सुकमा के अंतर्गत ग्राम मारोकी, चिंगावरम, डोडपाल, सोनाकुकानार, नागारास, कोर्रा, मानकापाल, गुफड़ी, पोरदेम, कोण्डरे, गादीरास, रामपुरम, बुड़दी, कोकरपाल, भेलवापाल, झापरा, मुरतोण्डा, जीरमपाल, बोड़को, बड़ेसट्टी, गोंदपल्ली, गोण्डेरास, पोंगाभेज्जी, सिरसट्टी, फुलबगड़ी, नीलावरम, गोंगला, पुसपल्ली, रामाराम, चिकपाल, कोयाबेकूर, केरलापाल, गोलाबेकूर। विकाखण्ड छिन्दगढ़ के अंतर्गत ग्राम डब्बा, पुसगुन्ना, कुन्ना, कुंदनपाल, डोलेरास, मिचवार, गोरली, पेंदलनार, केरातोंग, पालेम, कावराकोपा, तोंगपाल, हमीरगढ़, पेरमारास, मारेंगा, लेदा, चितलनार, चिउरवाड़ा, चिड़पाल, कुमाकोंलेंग, किकिरपाल, ओलेर, नेतानार, पुसपाल, किन्दरवाड़ा, मेखावाया उर्फ भोपावाड़ा, तालनार, गुम्मा, कोडरीपाल, गंजेनार, छिन्दगढ़, पतिनाईकरास, धोबनपाल, उरमापाल, गुडरा, रोकेल, कांजीपानी, बिरसठपाल, चिपुरपाल, पाकेला, पोन्दुम, मुर्रेपाल, अधिकारीरास, राजामुण्डा, बकुलाघाट, कवासीरास, कनकापाल, सौतनाल कोडरीपाल, इड़जेपाल, कोकावाड़ा, टाहकवाड़ा, कुकानार, बोकड़ाओडार, टांगररास, पेदारास, बोदारास, सगुनघाट, जैमेर, एजेंगनार। विकाखण्ड कोंटा के अंतर्गत ग्राम गोंदपल्ली, कुन्देड़, कोंडासांवली, गुमोड़ी, तारलागुड़ा, जगरगुण्डा, सिलगेर, पेंटाचिमली, सुरपनगुड़ा, मिलमपल्ली, कामाराम, एलमपल्ली, बगड़ेगुड़ा, नागाराम, केलनापेंदा, चिन्तलनार, मुकरम, मोरपल्ल, बुरकापाल, दुलेड़, चिन्तागुफा, कांकेरलंका, सामसट्टी, मिसमा, पुनपल्ली, दुब्बाटोटा, गोरगुण्डा, पोलमपल्ली, कोर्रापाड़, पेंटापाड़, एलमागुण्डा, किस्टाराम, पालाचलमा, बुर्कलंका, डब्बाकोन्टा, पालामड़गू, मेड़वाही, नागलगुण्डा, आरगट्टा उर्फ बोड्डीगुड़ा, टेटराई, मनीकोंटा, गगनपल्ली, रेगड़गट्टा, भेज्जी, सिंगाराम, गोलापल्ली, गंगलेर, मरईगुड़ा, मेहता, बण्डा, कोत्ताचेरू, मरईगुड़ा, एर्राबोर, दरभागुड़ा, मूलाकिसोली, इंजरम, ढोंढरा, पोटकपल्ली, कारीगुण्डम, गोगुण्डा, रामाराम, बड़ेकेड़वाल, मैलासूर, सेन्दूरगुड़ा उरसांगल, लखापाल, उपमपल्ली गांवों के समूह के लिए उल्लेखित नाम से अधिनियम के प्रयोजन हेतु ग्राम के रूप में घोषित करने सार्वजनिक सूचना प्रकाशित किया गया है। इन स्थापित ग्राम में अधिनियम की धारा की 8 के अनुसार ग्राम पंचायत का गठन किया जाएगा। इस प्रकार गठित ग्राम पंचायतों को अधिनियम की धारा 11 के अंतर्गत वर्णित अधिनियम के प्रयोजन के लिए आवश्यक अन्य समस्त शक्तियां प्राप्त होंगी। उक्त सार्वजनिक अधिसूचना अवलोकन हेतु कार्यालय कलेक्टर सहित कार्यालय जिला पंचायत और जिले के सभी तहसील, जनपद पंचायत कार्यालय और सम्बन्धित ग्राम पंचायतों के सूचना पटल पर चस्पा किया गया है।

## दिमाग को माचिस की तिल्ली न बनाएंः मुनि सुधाकर

**रायपुर 26 अक्टूबर।** श्री लाल गंगा पटवा भवन, टैगोर नगर में गतिमान चातुर्मासिक प्रवास अंतर्गत आचार्य श्री महाश्रमण जी के सुशिष्य मुनिश्री सुधाकर जी व मुनिश्री नरेश कुमार जी के सान्निध्य में प्रतिदिन प्रवचन के माध्यम से धर्म की गंगा प्रवाहमान हो रही है। उसी क्रम में आज दिनांक 26/10/2024 को प्रवचन करते हुए मुनिश्री सुधाकर जी ने कहा कि व्यक्ति अपने दिमाग को माचिस की तिल्ली न बनाएं। आजकल देखने में आता है कि व्यक्ति क्षण भर में क्रोध या आवेश में आ जाता है जिसकी परिणति यह होती है कि उस पल वह क्या कर रहा है या क्या चिंतन वह कर रहा या क्या चिंतन उसे करना चाहिए पर उसकी सोचने व समझने की शक्ति अर्थात सही निर्णय क्षमता का अभाव हो जाता है। मुनिश्री ने रामायण पात्र रावण का उदाहरण देते हुए इसे और अच्छे से परिभाषित किया कि रावण के पास दस शीश थे ऐसा कहा जाता है। जबकि संभव होगा कि रावण के पास शीश तो एक होगा परन्तु ज्ञान व बुद्धि दस व्यक्तियों के जितनी रही होगी। जब एक दिन रावण की बहन रावण से अपने नाक कटने की बात कहती हैं तो रावण जैसा प्रकांड विद्वान भी अपने क्रोध अर्थात आवेश पर काबू नहीं रख पाता और वैमनस्य का वरण कर लेता है।

# धनतेरस व दीपावली के लिए सजा बाजार

**दंतेवाड़ा 26 अक्टूबर।** हिन्दुओं का साल का सबसे बड़ा पर्व दीपावली बस कुछ ही दिनों बाद आने वाला है। नगर समेत ग्रामीण अंचलों में पर्व की तैयारियां शुरू हो गई है। पखवाड़े भर पहले से ही लोग घरों की सफाई, रंगाई, पुताई आदि कार्यो में जूट गए हैं। तीन दिन बाद आने वाले मंगलवार 29 अक्टूबर को धनतेरस है। वहीं दीपों का पर्व दीपावली गुरूवार 31 अक्टूबर को देश भर में मनाया जाएगा। धनतेरस व दीपावली के लिए नगर के बाजार पुरी तरह से सजधजकर तैयार हो चुका हैं। दिपावली की खरीदी पुष्य नक्षत्र से ही शुरू हो गई है। बाजारों में चहल पहल बढ़ गई है। कुम्हार मिट्टी के दिये समेत अन्य सामाग्री भी बाजारों में लाकर बेच रहे हैं। फैंसी एवं जनरल स्टोर में झालर, रंगोली, रंग बिरंगे बिजली के बल्बों के साथ कई प्रकार के सजावटी सामान भी सजाए जा चुके हैं। कपड़ा, ज्वेलरी,



ऑटोमोबाईल, इलेक्ट्रिक व सराफा तथा गिफट आयटमों की दुकानों में खरीदारी शुरू हो गई है। लोग धनतेरस में खरीदी के लिए अपनी मनपसंद की बाईक एवं कारें बुक करवा रहे हैं। पर्व को लेकर दुकानदारों ने भी विशेष तैयारियां की है। दीपावली पर मां लक्ष्मी की पूजा के लिए लोग सबसे ज्यादा चांदी के सिक्के, रूपए, व चांदी से ही निर्मित लक्ष्मी-गणेश की प्रतिमा खरीदते हैं लिहाजा सराफा व्यापारी भी पुरी तैयारी के साथ बैठे हैं। व्यापारियों को उम्मीद है कि इस धनतेरस व दीपाली का मार्केट अच्छा रहेगा। हालांकि बीच बीच में हो रही रिमझिम बारिश से व्यापारी थोड़े चिंतित हैं लेकिन फिर भी उन्हें उम्मीद है कि मौसम उनका पूरा साथ देगा और पर्व पर अच्छी खासी बिकवाली होगी । इसी उम्मीद पर नगर के तमाम व्यापारी अपनी अपनी दुकानों को सजाए बैठे हैं।

## पुलिस के जवानों ने सीखी आर्ट ऑफ लिविंग व सुदर्शन क्रिया

# जीवन जीने की कला से पुलिस के जवान हो रहे तनाव मुक्त

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा, 26 अक्टूबर।** पद्म विभूषण मानवतावादी गुरूदेव श्रीश्री रविशंकर की संस्था आर्ट ऑफ लिविंग के प्रशिक्षक अजय सिंह बैस के द्वारा सुकमा मे पुलिस के जवानों,अधिकारियों को 3 दिवसीय हैप्पीनेस योग शिविर आनन्द अनुभूति कार्यक्रम का 3 दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया । उक्ताशय की जानकारी देते हुए प्रशिक्षक अजय सिंह ने बताया कि श्रीश्री के अनुसार हिंसा मुक्त समाज, रोग मुक्त शरीर, तनाव मुक्त मन, शंका रहित बुद्धि, शोक रहित स्मरण शक्ति, शारिरीक क्षमतायुक्त शरीर और एक दुःख रहित आत्मा प्रत्येक व्यक्ति का जन्मसिद्ध अधिकार है। इसी उद्देश्य के साथ शिविर के माध्यम से सांसारिक व अध्यात्मिक ज्ञान एवं योग, ध्यान, प्राणायाम के साथ विश्वविख्यात



सुदर्शन क्रिया की प्रक्रियाओं को मनोरंजक क्रियाओं एवं आपसी संवाद के जरिये सिखाया जाता है। जिससे स्वस्थ शरीर तनाव एवं नकारात्मक विचारों से मुक्ति, अधिक आत्मविश्वास, एकाग्रता, निर्णय लेने की क्षमता, खुशहाल जीवन और मन की शांति व रोग प्रतिरोधक क्षमता में अभूतपूर्व सुधार के साथ ही दैनिक जीवन उपयोगी सरल ज्ञान और प्रक्रियाओं के माध्यम से तनाव मुक्त होते हुए जीवन में खुशी और सफलता के सूत्र भी सिखाया गया। इस शिविर में पुलिस विभाग के 200 जवानों एवं अधिकारियो ने भाग लिया। प्रशिक्षक अजय सिंह ने बताया कि सुकमा जिला के पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण के प्रेरणा एवं मार्गदर्शन मे आर्ट ऑफ लिविंग संस्था द्वारा आमजनों के साथ संवेदनशील इलाकों मे तैनात पुलिस के जवानो के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य लाभ दिलाने के लिए उन्हे प्राणायाम, ध्यान,आसन एवं योग के साथ- साथ विश्वविख्यात सुदर्शन क्रिया भी सिखाई गयी। समापन अवसर पर सुकमा जिले पुलिस अधीक्षक किरण चौहान की उपस्थिति में शिविर को अत्यधिक लाभकारी एवं ऊर्जा और आत्म विश्वास सहित तनाव मुक्ति प्राप्त करने की बात कही और अंत में एसपी किरण चौहान द्वारा उत्साह एवं जवानों को प्रोत्साहित किया गया! इस शिविर की सफलता में मनोज देव, प्रशिक्षक राम प्रसाद सरके भास्कर बोडके,रवि उपाध्याय, वट्टी,विकास नारंग का सराहनीय योगदान रहा।

## समाचार संक्षेप

### एनआरएलएम योजना के अंतर्गत आवासीय कृषि सखी का प्रशिक्षण




**सुकमा,26 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कृषि विज्ञान केन्द्र, सुकमा द्वारा एनआरएलएम योजना के अंतर्गत 21 से 23 अक्टूबर, 2024 तक आयोजित तीन दिवसीय आवासीय कृषि सखी का प्रशिक्षण, का आयोजन डीपीआरसी भवन में किया गया। जिसमें सुकमा और छिन्दगढ़ विकास खंड से 15-15 कृषि सखियों ने भाग लिया हैं, जिसमें कृषि विज्ञान केन्द्र से डॉ. संजय सिंह राठौर, कार्यक्रम सहायक (मत्स्यपालन) एवं मछली पालन विभाग से श्री ओ.पी.मंड़ावी ने तालाबों में वैज्ञानिक विधि से मछली पालन, डॉ. परमानंद साहू, विषय वस्तु विशेषज्ञ (कृषि अभियांत्रिकी) ने आधुनिक खेती में कृषि यंत्रीकरण का महत्व, कृषि विभाग से सहायक भूमि संरक्षण अधिकारी श्री कैलाश मरकाम ने जैविक खेती, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, जिला पंचायत, सुकमा के जिला प्रबंधक श्री एस.पी. तिवारी ने विभागीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख एच.एस.तोमर ने प्रमुख रबी फसलों की खेती के बारे मे जानकारी के साथ-साथ जिले मे कृषि विज्ञान केन्द्र की भूमिका के बारे मे विस्तार से बताया, कार्यक्रम जिले के उपसंचालक कृषि श्री पी.आर.बघेल ने कृषि विभाग की योजनाओं के साथ-साथ मिलेट्स की खेती एवं गौ पालन के महत्व के बारे में जानकारी दी। सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र और कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा संचालित अग्रिम तिलहन समूह फसल प्रदर्शन के अंतर्गत सरसों बीज का वितरण किया गया। विदित हो कि इस वर्ष केन्द्र द्वारा रबी मौसम में 200 एकड़ क्षेत्रफल में सरसों फसल की उन्नत खेती हेतु प्रदर्शन लगाए जा रहे हैं, कार्यक्रम के अंत में प्रशिक्षण प्रभारी डॉ. परमानंद साहू ने सभी को धन्यवाद ज्ञापन अर्पित किया।

### भैरमगढ़ में जनजातीय समाज के गौरवशाली योगदान पर कार्यक्रम का आयोजन

**गीदम 26 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** धुर्वाराव माडिया शासकीय महाविद्यालय भैरमगढ़ में जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत ऐतिहासिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक योगदान विषय पर एकदिवसीय कार्यक्रम गुरुवार को आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में अतिथि के रूप में सहदेव नेगी, उपाध्यक्ष, जनपद पंचायत भैरमगढ़ एवं जग्गू राम तेलामी, अध्यक्ष, सर्व आदिवासी समाज, जिला बीजापुर उपस्थित रहे। वही मुख्य वक्ता के रूप में कैलाश सोनी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं जनजाति विषयों के अध्येता उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य गोकुल राम निषाद के द्वारा किया गया। मुख्य वक्ता ने उदबोधन में प्राचीन काल से आधुनिक काल तक जनजातीय समाज का गौरवशाली इतिहास , उनकी सामाजिक संरचना, आध्यात्मिक योगदान और सांस्कृतिक धरोहर पर गहन एवं विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने जनजातीय समुदायो के संघर्ष, उनकी पहचान और समाज मे योगदान को विशेष रूप से रेखांकित किया। अतिथि सहदेव नेगी एवं जग्गू राम तेलामी ने अपने वैयक्तिक अनुभवों के माध्यम से जनजाति समाज के सांस्कृतिक, सामाजिक समृद्धि से परिचय कराया। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापक रामयश ने किया। पूरे कार्यक्रम का व्यवस्थित एवं निर्विघ्न संचालन संयोजक महेश नाग एवं सह संयोजक आकाश त्रिपाठी के देख रेख में किया गया। इसी विषय पर आयोजित रंगोली एवं निबंध प्रतियोगिता के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। उपस्थित अतिथि एवं मुख्य वक्ता को स्मृति चिन्ह स्वरूप वीर जनजाति नायकों का चित्र प्रदान किया गया।इस कार्यशाला में महाविद्यालय के समस्त अधिकारी-कर्मचारी जिसमे डॉ उग्रेन साहू, जगमोहन सिंह, राजेश नेताम, अलीन चक्रधारी, दिनेश पटेल, देश नाग, देवब्रत घोष, युवराज देवांगन, प्रवीण कुमार, धारणी साहू, श्यामबती बघेल उपस्थित रहे एवं सहयोग प्रदान किया। इस कार्यशाला में महाविद्यालय के 100 से अधिक विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया ।





**सुकमा, 26 अक्टूबर।** जिला पंचायत कार्यालय में आईएफएस अधिकारी श्री झलकार उईके से मुलाकात करते हुए, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती नम्रता जैन ने उन्हें उनकी नई जिम्मेदारियों के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दीं। हरियाणा कैडर से 2022 बैच के अधिकारी श्री उईके ने अपने गृह क्षेत्र से जुड़ने का उत्साह व्यक्त किया। इस अवसर पर श्रीमती जैन ने अपनी प्रशासनिक यात्रा और क्षेत्र में विकास कार्यों से जुड़े अपने अनुभव साझा किए, श्री उईके मूल रूप से ग्राम पंचायत तोंगपाल के निवासी हैं और उन्हें प्रशासनिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया।

## एक नजर

### लभराखुर्द में बनेगा राधा-कृष्ण मंदिर विधायक ने किया भूमिपूजन

**महासमुंद,26 अक्टूबर।** अंतराष्ट्रीय कृष्णा भावना अमृत संघ द्वारा ग्राम लभराखुर्द में बनाए जाने वाले राधा-कृष्ण मंदिर के लिए गुरुवार को क्षेत्र के विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने भूमिपूजन किया। इस मौके पर अतिथि के रूप में महेश चंद्राकर, दानेश्वर सिन्हा, राजेंद्र सेन, लभराखुर्द सरपंच चित्र तांडी, पंच एवं ग्रामीणजन मौजूद रहे। आगामी दिनों में राधा कृष्ण का एक मंदिर तैयार होना है। सभी ग्रामवासी क्षेत्रवासियों ने सहयोग कर इस्कॉन के सभी सदस्यों को आमंत्रित किया।अंतराष्ट्रीय कृष्णा भावना अमृत संघ इस्कॉन के छत्तीसगढ़ यूथ फोरम के डायरेक्टर तमाल कृष्ण दास ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा और इस्कॉन काउंसिल मेंबर तरुणी सेन से अगरबत्ती, धूप, पुष्प, गुलाल, अक्षत अर्पित कर भूमिपूजन करवाया। पूजन के दौरान भूमि सूक्त और मंगलाचरण का पाठ किया गया। पश्चात श्रीफल फोड़ा गया और आगामी दिवस में यहां पर नींव डालकर नए मंदिर का निर्माण होना है। विधायक सिन्हा ने अपने सुंदर शब्दों में कहा कि आने वाले दिवस में हमसे जो बन सकेगा हम आपके लिए सहयोगी होंगे। यहां केवल पूजन कार्य का नहीं अथवा यह क्षेत्र एक संस्कार का क्षेत्र होगा, शिक्षा का क्षेत्र होगा। अपितु यहां पर हर एक ब'चे से लेकर बूढ़े तक को शिक्षा दी जाएगी। इस अवसर पर समस्त ग्रामवासियों ने बहुत धूमधाम से इस कार्यक्रम में भाग लिया। हरे कृष्ण हरे कृष्ण, कृष्ण कृष्ण, हरे हरे, हरे राम हरे राम, राम राम, हरे हरे के भजन में नृत्य करते हुए भूमिपूजन कार्य को भव्य बनाया। साथ ही कार्तिक मास होने के कारण यहां पर यशोदा दामोदर को दीपदान किया गया। समस्त क्षेत्र व ग्रामवासियों द्वारा इस आयोजन में प्रसाद की भी व्यवस्था की गई।कार्यक्रम में प्रमोद चंद्राकर, देवेंद्र चंद्राकर, प्रभात उपाध्याय, श्यामकुमार दुबे, नरेंद्र नायक, ग्राम कोटवार मोती, इस्कॉन मंदिर के भक्तगणों भक्त वत्सल दास, हिरण्य गर्भ दास, माधवचरण, लव कुश, जय गौर हरि, जय गौरांग, कृष्णराधिका सखी देवी दासी, पूर्णचंद्र, ऋचा, कामना माताजी सहित ग्रामवासी मौजूद रहे।

### पेंशन धारकों को डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र की सुविधा उपलब्ध

**बीजापुर 26 अक्टूबर।** कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के निर्देशानुसार पेंशन धारको को डिजीटल जीवन प्रमाण पत्र हेतु विशेष शिविर ब्लाक मुख्यालयों के पोस्ट आफिस में आयोजित होगा जिसमें पेंशन धारक सेवा निवृत्त कर्मचारी उपस्थित होकर अपना डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र हेतु आवेदन कर सकेंगे। जिला कोषालय अधिकारी श्री महावीर टंडन ने बताया कि इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक द्वारा पेंशन धारकों का डिजीटल जीवन प्रमाण पत्र डीएलसी बनाया जाएगा इस हेतु विशेष शिविर 4 नवंबर को बीजापुर मुख्यालय के जयस्तंभ चौक स्थित पोस्ट आफिस में उपस्थित होकर डीएलसी बनवाया जा सकता है, संपर्क हेतु मोबाईल नंबर 6263815727 इसी तरह 8 नवंबर को भोपालपटनम बस स्टैण्ड के समीप स्थित पोस्ट आफिस में डीएलसी बनाया जाएगा संपर्क हेतु 6264498287, भैरमगढ़ में 16 नवंबर को शिविर पोस्ट आफिस में आयोजित होगा संपर्क नंबर 9406004107 में किया जा सकता है। इसी तरह उसूर ब्लाक के लिए आवापल्ली के पोस्ट आफिस में 25 नवंबर को डिजीटल प्रमाण पत्र बनाया जाएगा जिसके लिए 7880000887 पर संपर्क किया जा सकता है। डिजीटल जीवन प्रमाण पत्र पोस्ट आफिस से बनवाने का शुल्क मात्र 70 रुपए निर्धारित किया गया है। वहीं आन दिनों में भी डिजीटल जीवन प्रमाण पत्र हेतु पोस्ट आफिस में संपर्क कर सकते हैं तथा निःशक्त पेंशन धारक चलने-फिरने में असमर्थ है वह भी दिए गए मोबाईल नम्बरों के माध्यम से संपर्क कर अपने घर पर ही जीवन प्रमाण पत्र के लिए आवेदन कर सकते हैं।

### नदी में डूबने तथा सर्पदंश से मृत्यु के 4 प्रकरणों में 16 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**बीजापुर 26 अक्टूबर।** कलेक्टर श्री संबित मिश्रा द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा से पीड़ित परिवार को 16 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। जिसके अंतर्गत सर्पदंश से मृत्यु के दो प्रकरणों में मृतिका कुम्मे वेड़जा के निकटतम वारिस उनके पति श्री बुधु वेड़जा निवासी ग्राम मुरकीनार, मृतिका नुपुर वेड़जा के निकटतम वारिस उनके पिता श्री बुधु वेड़जा निवासी मुरकीनार, को प्रत्येक को 4-4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृति दी गई है। इसी तरह पानी में डुबने से मृत्यु के दो प्रकरण में मृतक भूपेन्द्र कश्यप के निकटतम वारिस उनकी पत्नि श्रीमती धनकी कश्यप निवासी ग्राम नेलसनार एवं मृतिका पोदिया कड़ती के निकटतम वारिस उनकी पत्नि श्रीमती लखी कड़ती निवासी ग्राम चेरली भैरमगढ़ को 4-4 लाख रूपए कुल 16 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृति दी गई है। स्वीकृत राशि का भुगतान संबंधित हितग्राहियों के बैंक खाते में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से किए जाने के निर्देश संबंधित तहसीलदार को दिए गए हैं।

### फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन 29 अक्टूबर को

**बीजापुर 26 अक्टूबर।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि 01 जनवरी 2025 कार्यक्रम के अन्तर्गत मतदाता सूची प्रारंभिक प्रकाशन 29 अक्टूबर 2024 को किया जावेगा। मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 29 अक्टूबर 2024 से 28 नवम्बर 2024 के दौरान समस्त मतदान केन्द्रों के बूथलेवल अधिकारी एवं अविहित अधिकारियों के द्वारा मतदाताओं से दावा आपत्ति प्राप्त किया जावेगा। जो कि ऐसे मतदाता जिनकी उम्र 01 जनवरी 2025 को 18 वर्ष पूर्ण होगी तथा ऐसे भारतीय नागरिक जिनका नाम अभी तक किसी कारणवश मतदाता सूची में नहीं जुड़ पाया है, उन्हें अपना नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए फार्म -6 भरकर संबंधित दस्तावेजों की छायाप्रति सहित जमा करना होगा। मतदाता सूची में किसी भी प्रकार की त्रुटि जैसे नाम, सरनेम, आयु, लिंग, जन्म तिथि, फोटो या अन्य प्रकार की त्रुटि को सुधारने के लिए फार्म -8 भरना होगा और मतदाता सूची में नाम विलोपन के लिए फार्म -7 भरा जाएगा।

# जामगांव पहुंचा जिला प्रशासन, आयोजित हुआ जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर



**रायगढ़, 26 अक्टूबर।** रायगढ़ विकासखंड के ग्राम जामगांव में जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। यहां विभागों द्वारा योजनाओं की जानकारी देने के लिए स्टॉल लगाए गए थे। शिविर में जामगांव सहित आस-पास के ग्रामीण पहुंचे थे। आयोजित जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में शिविर से पूर्व ग्राम पंचायत स्तर पर प्राप्त 3020 आवेदनों में से 2982 आवेदनों का निराकरण कर दिया गया है। इसी प्रकार आज आयोजित शिविर में 660 आवेदनों में से लंबित आवेदनों का त्वरित निराकरण हेतु संबंधित विभागों को भेजा गया है। जिला पंचायत अध्यक्ष श्री निराकार पटेल ने इस मौके पर कहा कि जनसमस्या निवारण शिविर के माध्यम से लोगों की समस्याओं के निदान के लिए प्रशासन खुद लोगों तक पहुंच रहा है। यह बहुत अच्छा प्रयास है। सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव ने कहा कि इन शिविरों का आयोजन प्रत्येक माह में 2 बार अलग-अलग विकासखंडों में किया जा रहा है। शिविर के माध्यम से जिला प्रशासन का प्रयास लोगों तक पहुंच कर उनकी समस्याओं का निराकरण करना और शासन की योजनाओं के बारे में जानकारी देना है। उन्होंने बताया कि शिविर से प्राप्त आवेदन में राशन कार्ड बनाना व उसका ई-केवाईसी करना, आयुष्मान कार्ड, योजना से संबंधित जो समस्या या मांग होती है उसके एक हफ्ते में निराकरण का प्रयास होता है। हर हफ्ते इसकी समीक्षा समय-सीमा की बैठक में की जाती है। सीईओ श्री यादव ने शिविर में उपस्थित ग्रामीणों से कहा कि प्रत्येक स्टॉल के माध्यम से योजना की जानकारी लें। जिससे खुद के साथ अपने आस पास के लोगों को इसके बारे में बता कर उसका लाभ लेने के लिए प्रेरित कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि गांवों में अभियान चलाकर आयुष्मान कार्ड निर्माण और राशन कार्ड के ई-केवाईसी का काम किया जा रहा है। जाति निवास और आय प्रमाण पत्र बनाने का काम भी लगातार जारी है। उन्होंने आगे कहा कि जल जीवन मिशन के माध्यम से गांवों में पेयजल आपूर्ति की योजना पर भी तेजी से काम हो रहा है। कई जगहों पर पानी सप्लाई शुरू हो चुका है। बाकी स्थानों पर काम लगातार चल रहा है, इसकी नियमित समीक्षा हो रही है। जन समस्या निवारण में शिविर में शासन के सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहें। यहां मंच के माध्यम से अधिकारियों ने विभागीय योजनाओं के बारे में जानकारी दी। सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव ने लोगों से मिले आवेदन पर अधिकारियों को तत्काल निराकरण के निर्देश मौके से ही दिए। इस मौके पर जनपद अध्यक्ष रायगढ़ श्रीमती भूमिसूता चौहान, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती संगीता गुप्ता, जनपद सदस्य श्री भोलाराम चौहान, श्रीमती समारिन सिदार, श्रीमती बसंती सिदार, श्री अशोक निषाद, सरपंच जामगांव श्रीमती गीतांजली गुप्ता, सरपंच बेहरापाली श्री छबि पटेल, सरपंच छुहीपाली श्री संजय पटेल, सरपंच बेलरिया श्री रेशम साहू, श्री सुखलाल चौहान, श्री राजेश अग्रवाल, श्री मनोज प्रधान, श्री विजय मिश्रा सहित अन्य गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

**बच्चों का कराया गया अन्न प्राशन**–महिला बाल विकास विभाग द्वारा 5 बच्चों का अन्नप्राशन कराया गया वहीं 6 महिलाओं की गोद भराई भी कराई गई। शिविर में सुकन्या समृद्धि योजना के तहत खाता खोले गए।

**विभागीय योजनाओं से लाभान्वित हुए हितग्राही** –जामगांव में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में मत्स्य पालन विभाग द्वारा 4 हितग्राहियों को आईस बाक्स, जाल एवं फिश माउन्ट का वितरण किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 5 लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया। उद्यानिकी विभाग द्वारा शिविर स्थल में निःशुल्क पौधों का वितरण किया गया।

**'जनमन' पत्रिका का किया गया वितरण**–शिविर में शासन की जनकल्याण योजनाओं संबंधित पत्रिकाओं जनमन एवं सुशासन के नवीन आयाम तथा खुशियों का नोटिफिकेशन महतारी वंदन जैसे पुस्तकों का वितरण किया गया। राज्य शासन द्वारा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं, महत्वपूर्ण निर्णय एवं उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने और उन्हें योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित करने हेतु मासिक पत्रिका जनमन का प्रकाशन जनसंपर्क विभाग द्वारा किया जाता है। जनमन के माध्यम से शासन की सभी योजनाओं एवं उपलब्धियों की जानकारी जनसामान्य को मिलती हैं।

# कॉन्टी ऐप पर निवेश कराकर 95 हजार रुपए की ठगी




**रायगढ़, 26 अक्टूबर।** रायगढ़ में धोखाधड़ी का मामला सामने आया हैए जिसमें दो लोगों को कॉन्टी ऐप का लिंक भेजकर करीब 95 हजार रुपए की ठगी की गईए फिर ऐप बंद कर दिया गयाए जिसके बाद पीड़ितों ने मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक कार्यालय में की है। पुसल्दा निवासी हेमलाल जायसवाल ने बताया किए 19 अगस्त को उसके मोबाइल पर मथुरा से एक लिंक आया। उस पर क्लिक करने को कहा गया। बताया गया कि 19 हजार निवेश करने पर 4 प्रतिशत का मुनाफा होगा। रात 8 बजे से 10 बजे तक जूम मीटिंग में पूरी जानकारी दी जाएगी। जिसके बाद भानु जायसवाल और उसके परिचित हेमलाल चौहान करीब एक सप्ताह तक मीटिंग में शामिल होने लगेए जिसमें रायगढ़ के अलावा सारंगढ़, कोरबा, खरसिया, सक्ती समेत अन्य जिले के लोग भी जुड़े थे। ऐसे में उन्हें कम समय में पैसा कमाने का लालच दिया गया। यह देखकर भानु जायसवाल और हेमलाल चौहान ने इसमें पैसा निवेश कर दिया। उन्हें 40 दिनों तक लगातार मुनाफा मिलता रहा। जिसे देखकर भानु ने अलग-अलग पैकेज में करीब 60 से 70 हजार रुपए और हेमलाल ने 25 रुपए निवेश किए लेकिन अगले दिन से ऐप बंद हो गया। ऐप नहीं खुलने पर उन्हें समझ में आया कि वे ठगी का शिकार हो गए हैं। जिसके बाद उन्होंने पुलिस अधीक्षक कार्यालय और साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित भानू जायसवाल ने बताया किए लिंक को जब ओपन किया जाता था, तो उसमें बॉलीवुड और हॉलीवुड के पिक्चर आते थे, जिसे सिर्फ लाइक करने कहा जाता था। हर दिन 10 पिक्चर लाइक करना होता था। उसने बताया किए 42 दिन के लिए यह स्कीम दिया गया था। इतने आसान तरीके से रुपए मिलता देख वो भी लालच में आ गया।

### कई लोग हुए ठगी के शिकार

पीड़ित हेमलाल जायसवाल का कहना है कि हर दिन मीटिंग में रायगढ़ के अलावा अन्य जिलों से भी कई लोग जुड़ते थे। ऑनलाइन जब इनके कंपनी के दस्तावेज निकाले गए, तो कई दस्तावेजों को देखकर सब कुछ सही लगा। तब कई लोगों ने कॉन्टी ऐप पर पैसे लगा दिए। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### होटल, रेस्टोरेंट में दबिश , खाद्यान्न सामग्रियों के नमूने लिए जा रहे

**कांकेर 26 अक्टूबर।** कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार आगामी त्यौहारी सीजन को दृष्टिगत करते हुए खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा जिले में संचालित विभिन्न होटलों, रेस्टोरेंटों में दबिश देकर छापामार कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में जिले में संचालित होटल, रेस्टोरेंट में दीपावली त्यौहार के उपलक्ष्य में निम्न गुणवत्ता वाली अमानक मिठाई, खाद्यान्न सामग्री विक्रय एवं घरेलू गैस सिलेण्डर का दुरुपयोग किये जाने के संबंध में संयुक्त टीम द्वारा दबिश देकर कार्रवाई की गई। अमानक स्तर की खाद्यान्न सामग्री पाए जाने पर नमूने लेकर लैब भेजने की भी कार्रवाई संयुक्त टीम द्वारा की जा रही है।इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया गया कि जिले के चारामा नगर पंचायत में मेसर्स यादव दूध डेयरी से दूध, राजा भोजनालय एवं रेस्टोरेंट से खोवा, सुरेश होटल से पनीर एवं कुन्दा, दुर्गेश रेस्टोरेंट से दही, जोधपुर मिष्ठान भंडार से परीक्षण हेतु रायपुर स्थित लैब भेजा गया।

# जेएसएस प्रशिक्षण केंद्र पापनपाल में राष्ट्रीय एकता दिवस पर रैली व शपथ कार्यक्रम




**बीजापुर,26 अक्टूबर ।** जन शिक्षण संस्थान बीजापुर द्वारा सिलाई प्रशिक्षण केंद्र पापनपाल में राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में रैली व शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों व नई पीढ़ी को राष्ट्रीय एकता के महत्व से अवगत कराना था। इस दौरान कार्यक्रम संयोजक द्वारा संक्षिप्त में संस्थान के क्रियाकलापों से अवगत कराया, जन शिक्षण संस्थान बीजापुर कौशल विकास एंव उद्यमिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा एक संपोषित संस्थान है। जिसका संचालन आईसेक्ट संस्था भोपाल द्वारा किया जा रहा हैं। संस्था का उद्देश्य जिले के कम पढ़े-लिखे नवसाक्षर 10 वीं, 12 वीं उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को उनकी रूचि अनुरूप प्रशिक्षण प्रदान कर रोजगार व स्व-रोजगार से जोड़कर उनके आय में वृद्धि कराना है।इसके बाद नीना रावतिया (जिला पंचायत सदस्य) सामुदायिक भवन, पापनपाल चल रहे सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम के हितग्राहियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि कोई भी कौशल सीखना बड़ी बात नहीं है लेकिन उसे प्रैक्टिस में बनाय रखना एक जरुरी चीज है, साथ ही समूह के माध्यम से संगठित होकर बुटीक सेंटर स्थापित करने की दिशा में कार्य करे ताकि व्यवसाय के माध्यम से ट्रेनिंग से जुड़े अन्य लोगों को इसका लाभ मिल सके। इस दौरान श्री अभिषेक अवस्थी (निदेशक,जेएसएस बीजापुर) ने आज के कार्यक्रम की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जब भारतवर्ष आजाद हुआ तब हमारे देश में अलग अलग रियासते थी। तब सरदार वल्लभ भाई पटेल ने ही सभी रियासतों से समन्वय कर एक अखंड राष्ट निर्माता की भूमिका निभाई थी और भारत को एकता के सूत्र में फिरोया था। आज उसी लौहपुरुष जी की जयंती पर उनके कार्यो, विचारों व दूरदर्शिता का महत्व को समझने के लिए राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप मे बनाते है ताकि अनेकता में भी एकता का आपसी भाव सदैव हमारे बीच बना रहे। तत्पश्चात गॉव वालों व हितग्राहियों के सहयोग से रैली निकालकर राष्ट्रीय एकता का संदेश पहुंचाया गया साथ ही एकता व अखंडता को बनाए रखने के लिए शपथ लिया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से बेनहूर रावतिया (अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद् बीजापुर ) नीना रावतिया (जिला पंचायत सदस्य), विजय कुडियम (सरपंच पापनपाल) उस्पस्थित थे। इसके अलावा जेएसएस से श्री रवि कुमार साहू (प्रोग्राम ऑफिसर), योगेश ठाकुर (अकाउंटेंट) मोहन सिंह चौहान (असि. प्रोग्राम ऑफिसर), शांता जुमार, महेश्वरी जुमार (प्रशिक्षक) व अन्य स्टाफगण उपस्थित थे ।

# जिले के अंतिम छोर पर स्थित पामेड़ का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर,26 अक्टूबर ।** कलेक्टर श्री संबित मिश्रा ने बुधवार को जिले के अंतिम छोर पर बसे पामेड़ क्षेत्र का औचक निरीक्षण कर पुल-पुलिया, सड़क, अद्योसंरचना निर्माण, शिक्षा, स्वास्थ्य सहित विभिन्न जनहित से जुड़े विकास कार्यो का जायजा लिया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री हेमंत रमेश नंदनवार भी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री मिश्रा ने अपने भ्रमण के दौरान पामेड़ से बासागुड़ा को पक्की सड़क से जोड़ने धरमारम में निर्मित हो रहे उच्चस्तरीय पुल का निरीक्षण कर संबंधित विभाग को 31 दिसंबर से पूर्व उक्त पुल एवं एप्रोच रोड़ को गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए।सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पामेड़ के निरीक्षण के दौरान दवाईयों की उपलब्धता, मरीजो को मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली एवं बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। वहीं छात्रावास, पोटाकेबिन एवं स्कूली बच्चों को एक माह के भीतर मीजल्स का टीका पूर्ण कराने, पामेड़ क्षेत्र के हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड का तेलंगाना के चिकित्सालयों में स्वीकार नहीं करने संबंधी जानकारी प्राप्त होने पर सीएमएचओ बीजापुर को तेलंगाना के चिकित्सालयों से संपर्क स्थापित कर निराकरण करने को कहा एवं स्वास्थ्य केन्द्र में स्थानीय स्तर के मूलभूत सुविधाओं का विस्तार करने जीवनदीप समिति के राशि का उपयोग करने की बात कही। पोषण पुनर्वास के माध्यम से कुपोषित बच्चों को शतप्रतिशत लाभान्वित करने केन्द्र में दर्ज कराने के निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान किडनी से संबंधित बीमारी की जानकारी मिलने पर वस्तुस्थिति से अवगत कराने आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। पामेड़ में निर्माणधीन 20 बिस्तर अतिरिक्त कक्ष को गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूर्ण कराने, परिसर को स्वच्छ रखने, गर्भवती माताओं को प्रसव हेतु स्वास्थ्य केन्द्र तक लाने, परिवहन की सुविधा पंचायत द्वारा कराए जाने, चिंतावागु में मोबाईल टावर को प्राथमिकता के साथ स्थापित कराने के निर्देश दिए।इस दौरान पोटाकेबिन एवं छात्रावास में मीनू आधारित भोजन उपलब्ध कराने सहित संस्था में विद्युत व्यवस्था, पंखो की मरम्मत, मच्छर से बचाव हेतु खिड़कियों में जाली लगाने के निर्देश दिए। वहीं दर्ज के अनुपात में बच्चों की कम उपस्थिति पर मौके पर उपस्थित सरपंच को उपस्थिति बढ़ाने के लिए आवश्यक पहल करने को कहा। दशहरा एवं दीपावली त्यौहार के कारण उपस्थिति कम होने की जानकारी मिली थी। उच्चतर माध्यमिक शाला पामेड़ में छात्रों से चर्चा के दौरान प्रोजेक्टर के माध्यम से पढ़ाई करने एवं शाला में कक्ष की मांग किए जाने पर निर्मित हो रहे अतिरिक्त कक्ष को तत्काल पूर्ण करने तथा सुधार करने एवं अन्य मूलभूत कमियों में सुधार करने को कहा।वहीं एसडीएम उसूर श्री भूपेन्द्र गावरे को प्रत्येक माह कम से कम एक बार पामेड़ क्षेत्र का भ्रमण कर बुनियादि सुविधाओं की जानकारी लेने के लिए निर्देशित किया।

# पापनपाल में पंचायत स्तरीय टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का नीना रावतिया ने किया शुभारंभ



**बीजापुर,26 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** तोयनार जिला पंचायत क्षेत्र के ग्राम पंचायत पापनपाल मे सदस्य जिला पंचायत बीजापुर माननीय श्रीमती नीना रावतिया उद्दे जी ने पापानपाल मे आयोजित स्वर्गीय श्री चंन्नू राम कुड़ियाम एवं स्वर्गीय सुन्दरलाल गंधरला की स्मृति मे मे पंचायत स्तरीय टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन बूढ़ी माता क्रिकेट क्लब पापनपाल सीजन 3 आयोजित किया जा रहा है! इस कार्यक्रम का शुभारम्भ आज क्षेत्र की जिला पंचायत सदस्य श्रीमती नीना रावतिया उद्दे ने फीता काटकर किया! सर्वप्रथम दोनों ही दिवंगत ग्रामीवासी के आत्मा शांति के लिए एक मिनट का मौन धारण करते हुए उनके छायाचित्र पर पुजार्चना कर माल्यार्पण किया तदपाश्चात् खेल का शुभारंम फीता काटकर किया! विधित हो की क्रिकेट प्रतियोगिता मे कुल 32 टीमों ने भाग लिया यह प्रतियोगिता 25 अक्टूबर से प्रारम्भ होकर 4 नवम्बर को समापन होगा! इस प्रतियोगिता का प्रथम पुरुस्कार जिला पंचायत सदस्य श्रीमती नीना रावतिया उद्दे तथा सरपंच श्री विजय कुड़ियाम के द्वारा 30000 एवं ट्रॉपी प्रदाय किया जा रहा है वही द्वितीय पुरुस्कार ग्राम पंचायत द्वारा 15000 एवं ट्रॉपी प्रदाय किया जा रहा है! इस अवसर उपस्थित खिलाड़ियों को शुभकामनायें देते हुए खेल भावना से खेलने तथा आयोजन समिति को शुभकामनायें दिया! इसके साथ ही पापनपाल मे जन शिक्षण संस्थान द्वारा महिला बहनो को तीन महीने का सिलाई प्रशिक्षण दिया जा रहा है इस कार्यक्रम का भी शुभारंम श्रीमती नीना रावतिया उद्दे के द्वारा किया गया! इसके साथ ही ग्राम पापनपाल के स्कुलपारा व घोटानपारा के महिला बहनो से मुलाक़ात किया इस दौरान नगरपालिका परिषद बीजापुर के अध्यक्ष श्री बेनहूर रावतिया जी, सरपंच पापनपाल श्री विजय कुड़ियाम जी,उपसरपंच श्री अल्लूर पाण्डु जी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के महामंत्री श्री ब्रिज कावरे जी, पायकु तेलाम जी, सहदेव पावरे जी, सुकलू जी, ललित गाधरला जी एवं बड़ी संख्या मे ग्रामीण उपस्थित रहे।

# खाद्य सुरक्षा विभाग की नजर जिले की सभी मिठाई दुकानों पर



**बीजापुर,26 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के निर्देशन में आम जनता को स्वच्छ एवं शुद्ध खाद्य पदार्थ उपलब्ध हो सके इसके लिए खाद्य सुरक्षा विभाग के अभिहित अधिकारी सह एसडीएम बीजापुर श्री जागेश्वर कौशल द्वारा सभी खाद्य विक्रेताओं को अपील की गई है कि वे एफएसएसएआई के निर्देशों का कड़ाई से पालन करें। बिना लेबल वाली खाद्य सामग्री का विक्रय न करें, खाद्य विक्रय परिसर, होटलों में सफाई का विशेष ध्यान रखें। लेबल में खाद्य पदार्थ के निर्माण तिथि, उपयोग की तिथि एवं निर्माता फर्म के पूर्ण पता का उल्लेख अनिवार्य रूप से होना चाहिए। यदि निर्माता फर्म का पूर्ण पता एवं खाद्य पदार्थ के निर्माण की तिथि उल्लेखित नहीं पाई जाएगी तो संबंधित विक्रेता की पूर्ण जिम्मेदारी मानते हुए उसके विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। आगामी दीपावली त्यौहार के चलते खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम द्वारा बीजापुर शहर तथा भोपालपट्टनम क्षेत्र के किराना दुकानों तथा मिठाई दुकानों में निरीक्षण कर साफ-सफाई के बारे में जरूरी निर्देश दिए गए। किराना व्यापारियों को निर्देश दिया गया कि कोई भी खाद्य पदार्थ एक्सपायरी डेट का विक्रय नहीं किया जाना चाहिए। चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला के माध्यम से शहर के विभिन्न मिठाई दुकानों तथा किराना दुकानों में त्यौहारी सीजन में बिकने वाले खाद्य पदार्थों जैसे बेसन, मैदा, सूजी, गुलाबजामुन, बर्फी, कलाकन्द, बादाम बर्फी, सोनपापड़ी, पेड़ा आदि का नमूना संकलन कर जांच किया गया। कुछ पैकड खाद्य सामग्री एक्सपायरी डेट के पाए गए जिन्हें तत्काल नष्ट करवाया गया। वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री आशीष यादव द्वारा बताया गया कि खाद्य नमूनों की जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद अमानक पाए गए प्रकरणों पर न्यायालयीन कार्यवाही की जाएगी। एसडीएम श्री जागेश्वर कौशल द्वारा जानकारी दी गई कि आगामी त्यौहारी सीजन को देखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम जिले के सभी क्षेत्रों के मिठाई दुकानों में विशेष रूप से निगरानी जारी रहेगी। निरीक्षण के दौरान बिना खाद्य लाईसेंस वाले व्यापारियों पर कड़ी कार्यवाही करते हुए उनके स्टाल हटाने की कार्यवाही के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग एवं जिला प्रशासन की टीम बाध्य होंगे।

# विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने दिलाई गई शपथ



**बीजापुर,26 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) ।** कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के निर्देशन में तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग के मार्गदर्शन में जिले के भैरमगढ़ महाविद्यालय के विद्यार्थियों को बाल संरक्षण, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ एक युद्ध नशे के विरूद्ध पोषण भी-पढ़ाई भी, बाल विवाह मुक्त बीजापुर, मिशन शक्ति विषयों पर सघन रूप से जागरूकता कार्यक्रम किया जा रहा है पुलिस विभाग, समाज कल्याण विभाग, शिक्षा विभाग, श्रम विभाग से समन्वय एवं स्कूल के बच्चों एवं महाविद्यालय के विद्यार्थियों को कानूनी अधिकारो की जानकारी दिया जा रहा है। महिला संरक्षण अधिकारी श्रीमती शिला भारद्वाज द्वारा मिशन शक्ति, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओं योजना के उददेश्य महिला हिंसा से बचाव के संबंध मे महिला हेल्पलाईन 181, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओं अभियान के अंतर्गत जिले में लड़कियों की सुरक्षा करना, भ्रुणहत्या, कन्या शिशु हत्या जैसे अमानवीय कृत्यों के प्रति जागरूक करना, महिला शिक्षा का बढ़ावा देना, लैगिग पूर्वाग्रह के खिलाफ जागरूकता फैलाना, लडकियों के लिए कल्याणकारी सेवाओं को बेहतर बनाना, शिशु लिंगानुपात में कमी को रोकना, महिलाओं के सशक्तिकरण मुददों के प्रति जागरूक करना, माहवारी स्वच्छता प्रबंधन के प्रति जागरूकता, पोषण के महत्व एवं सही पोषण की जानकारी देते हुए एनीमिया से कैसे बचाव किया जा सकता है बाल संरक्षण विषय पर विस्तार पूर्वक जानकारी सुश्री लेखिका साहु, श्री राजकुमार निषाद द्वारा जानकारी दी गई कि बाल संरक्षण तात्पर्य बच्चो के शारीरिक मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य की सुरक्षा और उनके अधिकारों का संरक्षण करना है साथ ही बच्चों को इसके उददेश्य के बारे में जानकारी बच्चों को शोषण और दुर्व्यहार, बच्चों की अधिकारों की रक्षा करना बच्चों की शिक्षा स्वास्थ्य की सुरक्षा करना, सुरक्षित एवं स्वस्थ वातावरण प्रदान करना, बाल शोषण, बाल मजदूरी, बाल विवाह, बाल तस्करी की रोकथाम की कानूनी अधिनियमों की जानकारी देते हुए नशे के दुष्परिणाम से अवगत कराया गया और शपथ दिलाया गया।

# राजस्व मंत्री ने किया जिले की पहली महतारी सदन का लोकार्पण

- महतारी सदन में अहाता निर्माण व दो क्रिकेट क्लब को 10 -10 हजार रुपये देने की घोषणा

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 26 अक्टूबर।** राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने गुरुवार को विकासखंड बलौदाबाजार अंतर्गत ग्राम पंचायत बेमेतरा में जिले की पहली महतारी सदन का फीता काटकर लोकार्पण किया। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मांग पर राजस्व मंत्री ने महतारी सदन में अहाता निर्माण, दो क्रिकेट क्लब को 10-10 हजार रुपये देने की घोषणा की। इसके साथ ही ग्राम बेमेतरा में पीड़ीएस भवन निर्माण हेतु अवश्यक कार्यवाही के लिए जिला प्रशासन को निर्देशित किया।ग्राम पंचायत बेमेतरा में महतारी सदन निर्माण हेतु मार्च 2024 में जिला प्रशासन द्वारा डीएमएफमद से 16 लाख रुपये की स्वीकृति दी गई। राशि स्वीकृति उपरांत करीब 7 माह में महतारी सदन का निर्माण पूर्ण हुआ।

कार्यक्रम कों सम्बोधित करते हुए मंत्री वर्मा ने कहा कि बलौदाबाजार- भाटापारा जिले में पहली महतारी सदन का लोकार्पण ग्राम पंचायत बेमेतरा में हुआ है। इस सदन के बन जाने से अब महिलाओं को बैठक आदि के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। जिले में 30 महतारी सदन स्वीकृत हुआ है। इस महतारी सदन को और भी सजाना संवारना है।मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में हमारी सरकार गांव, गरीब, किसानों के हित में लगातार काम कर रही है। महतारी वंदन योजना से महिलाएं आर्थिक रूप से मजबूत हो रही हैं।कार्यक्रम को पूर्व संसदीय सचिव डॉ. सनम जांगड़े ने भी सम्बोधित किया। इन निर्माण कार्यों का भी हुआ लोकार्पण - इस अवसर पर राजस्व मंत्री ने ग्राम पंचायत अंतर्गत विभिन्न निर्माण कार्यों का भी लोकार्पण किया जिसमें 3 नग पानी टंकी निर्माण, भगत सिंह तालाब में पचरी निर्माण, खोरसी नाला में 2 पचरी निर्माण, रंगमंच निर्माण, 2 सामुदायिक भवन, प्राथमिक शाला में अहाता निर्माण, चेक डेम निर्माण, सार्वजानिक शौचालय एवं गौठान निर्माण शामिल हैं।



इस अवसर पर भारत स्काउट गाइड के राज्य उपाध्यक्ष विजय केशरवानी, जनपद सदस्य प्रमिला चेलक, जनपद सभापति शिवशंकर वर्मा, सरपंच सुनीता साहु, योगेश वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

# पात्र सूची में नाम फिर भी 4 वर्ष बीत जाने पर नहीं मिला पट्टा

- तहसील ऑफिस से गुहार लगाई कोई सुनवाई नहीं, जिम्मेदार अधिकारी गहरी निद्रा में
- पट्टा नहीं बनने के कारण ईश्वर लाल मानसिक रूप से परेशान, प्रधानमंत्री आवास से भी वंचित

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**छुरा, 26 अक्टूबर।** वर्ष 2020 में राजीव गांधी आश्रय योजना पट्टा वितरण हेतु नगर में सर्वे कराया गया।सर्वे के पश्चात पात्र अपात्र सूची जारी हुई जिसमे वार्ड क्रमांक 04 निवासी ईश्वर लाल सिन्हा पिता रूपसिंह सिन्हा का नाम भी पात्र सूची में था नगर में सबको पट्टा वितरण हो गया लेकिन ईश्वर लाल सिन्हा को पट्टा नहीं मिला।इस बाबत ईश्वर लाल सिन्हा ने तहसील ऑफिस से गुहार लगाई कोई सुनवाई नहीं हुआ।उसके बाद कलेक्टर जनदर्शन में गुहार लगाने पर छुरा अनुविभागीय अधिकारी द्वारा तहसीलदार को जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने कहा गया पटवारी एवं नगर पंचायत द्वारा जांच प्रतिवेदन बनवा कर पंचनामा बना कर ईश्वर लाल सिन्हा को पात्र पाया लेकिन उसके बावजूद भी तात्कालिक अनुविभागीय अधिकारी भूपेंद्र साहू द्वारा निरंतर पट्टा देने के बात को कह कर घुमाया गया लेकिन पट्टा नही दिया।फिर अनुविभागीय अधिकारी भूपेंद्र साहू का स्थानांतरण हो गया। नए अनुविभागीय अधिकारी के आने के बाद फिर ईश्वर लाल सिन्हा ने कलेक्ट्रेट जनदर्शन में फिर आवेदन लगाया फिर भी आज पर्यंत 4 वर्ष बीत जाने के पश्चात भी आज तक उसे पट्टा नहीं मिला है।ईश्वर लाल सिन्हा अति गरीब व्यक्ति हैं उसका मकान भी कच्चा एवं जर्जर है जिसके हेतु प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए ईश्वर लाल सिन्हा द्वारा आवेदन करने पर उन्हें पट्टा नही है।करके हर बार उनका आवेदन वापस कर दिया जाता है।इस हेतु ईश्वर लाल सिन्हा द्वारा 4 बार विधायक निवास तथा 2 बार छुरा के विधायक जन दर्शन तथा राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा के निवास में भी अर्जी लगाई।लेकिन आज तक कोई परिणाम नहीं निकला जिससे ईश्वर लाल सिन्हा मानसिक रूप से बहुत परेशान है।

## एक नजर

### 145 लीटर हाथ भट्ठी कच्ची महुआ शराब और 1260 किलो लाहन के साथ महिला गिरफ्तार



**सिमगा, 26 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आबकारी आयुक्त सह सचिव आर संगीता मैडम के निर्देश के तारतम्य में कलेक्टर दीपक सोनी, पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल एवं जिला आबकारी अधिकारी गजेन्द्र कुमार सिंह जिला बलौदाबाजार के मार्गदर्शन में 23 अक्टूबर को ग्राम गणेशपुर में छापामार कार्यवाही की गई जिसमें 03 अलग अलग प्रकरणों में कुल 145 लीटर हाथ भट्ठी कच्ची महुआ शराब एवं 1260 किलो ग्राम महुआ लाहन जब्त किया गया। उक्त प्रकरणों में 02 आरोपीयो को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(2) 59(क)का प्रकरण कायम कर न्यायलायिन अभिरक्षा में भेजा गया और प्रकरण विवेचना में लिया गयाद्य उक्त कार्यवाही मे आबकारी उपनिरीक्षक दिनेश कुमार साहू, देवनंदन सिंह टंडन, सिमगा थाना प्रभारी सुश्री योगिता खापर्डे एवं हमराह स्टाफ आबकारी प्रधान आरक्षक राधा गिरी गोस्वामी, नगर सैनिक श्रीकमल वर्मा वाहन चालक अन्नू धीवर एवं ग्राम पंचायत गणेशपुर के पंचायत प्रतिनिधियों का विशेष योगदान रहा।

### प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रिसदा में एक दिन में 8 प्रसव, सभी शिशु व माताएं स्वस्थ



**बलौदाबाजार, 26 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला कलेक्टर दीपक सोनी के दिशा निर्देश और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर राजेश कुमार अवस्थी के मार्गदर्शन में बलौदाबाजार की स्वास्थ्य सुविधाओं के बेहतरी के प्रयास सतत रूप से जारी है।शतप्रतिशत संस्थागत प्रसव पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।इसी कड़ी में नगर के समीप स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रिसदा में एक दिन में 8 प्रसव कराए गए जो सभी सामान्य रहे। इसमें एक प्रसव जुड़वा बच्चों का रहा जो समय पूर्व हुआ जिन्हें विशेष देखभाल हेतु जिला अस्पताल रेफर किया गया। शेष सभी शिशु और माताएं स्वस्थ हैं। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ अभिजीत बैनर्जी तथा मातृ स्वास्थ्य के नोडल अधिकारी डॉ शशि जायसवाल के अनुसार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रिसदा क्षेत्र की जनता को स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने में शुरू से ही काफी आगे रहा है। इससे पूर्व भी अस्पताल को कायाकल्प में पुरस्कार मिल चुका है तथा जिले में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्तर पर यह संस्थागत प्रसव करवाने में द्वितीय स्थान पर है। आयुष्मान योजना का अधिकतम लोगों को लाभ देने के कारण स्वास्थ्य केंद्र को सम्मानित भी किया गया है। उक्त सभी प्रसव डॉक्टर अविनाश केसरवानी, नर्सिंग ऑफिसर खिलेश्वरी दिवाकर तथा प्रमिला जांगड़े की देखरेख में हुए।

### बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर 156 नग गुम मोबाइल किए रिकवर

# गुम मोबाइल पाकर खिले मालिकों के चेहरे

- अभियान में लगभग 21.15 लाख रुपये मूल्य की विभिन्न कंपनियों के मोबाइल किये गये रिकवर
- पुलिस टीम ने जिला रायपुर, महासमुंद, दुर्ग, बिलासपुर, मुंगेली, जांजगीर चांपा, बेमेतरा, बालोद, धमतरी, सक्ती, कबीरधाम, कोरिया आदि जिलों से मोबाइल बरामद किया

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 26 अक्टूबर।** जिले के विभिन्न थानों में विगत कुछ समय से दर्ज मोबाइल गुमने की रिपोर्ट को गंभीरता से लेते हुये जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा गुम हुए मोबाइलों को रिकवर करने हेतु विशेष अभियान चलाया गया, जिसमें सीसीटीएनएस प्रभारी प्रधान आरक्षक विनोद सिंह, आरक्षक मुकेश तिवारी, प्रशांत दीवान, धर्मेंद्र यादव, सूरज राजपूत, अरविंद कौशिक, कमलेश श्रीवास की टीम द्वारा विशेष अभियान के तहत जिले के विभिन्न थानों में दर्ज गुम मोबाइल की रिपोर्ट पर तत्परतापूर्वक अथक प्रयास, लगन एवं मेहनत से खोजबीन करते हुए 156 नग गुम मोबाइलों को रिकवर करने में सफलता प्राप्त हुई है। रिकवर किये गये विभिन्न कंपनियों के मोबाइल की अनुमानित बाजार मूल्य 21,15,000 लाख रूपये है। अभियान में पुलिस टीम द्वारा जिला रायपुर, महासमुंद, दुर्ग, बिलासपुर, मुंगेली, जांजगीर चांपा, बेमेतरा, बालोद, धमतरी, शक्ति, कबीरधाम, कोरिया आदि जिलों से मोबाइल रिकवर किया गया है।

23 अक्टूबर को 12.00 बजे पुलिस अधीक्षक एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार द्वारा जनपद पंचायत बलौदाबाजार सभाकक्ष में उक्त सभी मोबाइलों को उनके मालिकों के सुपूर्द किया गया। मोबाइल गुम होने पर उसके मिलने की आस खो चुके लोगों को उनका खोया हुआ मोबाइल वापस मिलने पर उन सभी के द्वारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस का धन्यवाद ज्ञापित कर प्रसन्नता व्यक्त किया गया।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा चर्चा करते हुए बताया गया कि पुलिस का यह अभियान भविष्य में भी निरंतर चलता रहेगा। साथ ही उन्होंने आमजनों से अपील करते हुए कहा कि किसी भी व्यक्ति को कहीं भी लावारिस मोबाइल पड़ा हुआ मिले या कोई व्यक्ति बिना रसीद के कम कीमत में मोबाइल उपलब्ध करा रहा है, तो ऐसा मोबाइल चोरी का अथवा किसी अपराध में उक्त मोबाइल का प्रयोग किया गया, हो सकता है। ऐसी परिस्थिति में तुरंत अपने निकटतम थाने में इसकी सूचना देकर एक सच्चे नागरिक होने का कर्तव्य निभावे। सांथ ही उन्होंने अपील किया कि, अपना मोबाइल सुरक्षित रखें। किसी व्यक्ति का मोबाइल पाने वाला, दीगर व्यक्ति उस मोबाइल का गलत उपयोग कर सकता है, इसलिए अपना मोबाइल संभाल कर रखें। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को सायबर फ्राड एवं यातायात नियमों के संबंध में विस्तृत जानकारी भी दी गई।

# ग्राम खोखरी में हुआ जनसंख्या निवारण शिविर का आयोजन



**कसडोल, 26 अक्टूबर।** पामगढ़ विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत खोखरी में एक दिवसीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न विभागों द्वारा स्टाल लगाकर लोगों की समस्याओं का निराकरण करने हेतु आवेदन प्राप्त किया तथा कुछ समस्याओं का तत्कालीन शिविर में ही समाधान कर दिया गया।

शिविर में सरस्वती महिला समूह की महिलाओं को जिला कलेक्टर एवं उपस्थित अतिथियों द्वारा पांच लाख रुपए का चेक प्रदान किया गया, साथ ही एक महिला कृषक को ऋण पुस्तिका उपलब्ध कराया गया। इस मौके पर जांजगीर-चांपा जिले के कलेक्टर आकाश छिकारा, भाजपा जिलाध्यक्ष गुलाब सिंह चंदेल, पामगढ़ विधायक शेषराज हरबंस, पामगढ़ एसडीएम वहीदुर रहमान, जनपद पंचायत पामगढ़ सीईओ मणिशंकर कौशिक, तहसीलदार महेंद्र लहरे, माध्यमिक शिक्षा मंडल के सदस्य चंद्रकांत तिवारी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष राघवेन्द्र प्रताप सिंह, भाजपा जिला किसान मोर्चा अध्यक्ष धनंजय सिंह ठाकुर, भाजपा जिला महामंत्री यशवंत साहू, भाजपा मंडल पामगढ़ अध्यक्ष ब्यास नारायण वर्मा, मंडल महामंत्री शरद चन्द्र शर्मा, जनपद पंचायत पामगढ़ सदस्य गायत्री/दुर्गा प्रसाद साहू, लिंकन रात्रे, ग्राम पंचायत खोखरी सरपंच दीपक कुमार साहू व जनपद पंचायत पामगढ़ के अधिकारी, कर्मचारी, पार्टी नेताओं, समेत पंचायत के जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# दीपावली आपसी प्रेम व सौहार्द्र से मनाने सिमगा थाना में शांति समिति की बैठक

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा, 26 अक्टूबर।** थाना सिमगा पुलिस द्वारा दीपावली पर्व में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए 25 अक्टूबर को थाना सिमगा में शांति समिती की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस, प्रशासनिक अधिकारियों, पत्रकारों, गणमान्य एवं प्रतिष्ठित नागरिकों की उपस्थिति में दीपावली पर्व पर नगर में शांति एवं सद्भाव बनाए रखने के लिए अपील की गई। जिसमें एसडीएम सिमगा थाना प्रभारी सिमगा एवं सिमगा नगर के गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधीगण एवं सर्व समाज के प्रमुख लोगों की उपस्थिति में दीपावली पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा किया गया। इस दौरान उपस्थित सभी लोगों ने सर्वसम्मति से नगर में आपसी सौहार्द एवं प्रेम पूर्वक दीपावली पर्व मनाने एवं नगर में आपसी सद्भाव एवं भाईचारा का वातावरण बनाए रखने में अपनी सहमति दी।



## एनजीटी ने पटाखों के उपयोग के संबंध में जारी किए दिशा-निर्देश

**बालोद, 26 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी चन्द्रकांत कौशिक ने जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारियों राजस्व को राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण द्वारा पटाखों के उपयोग के संबंध में दिए निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जारी आदेश में कहा गया कि राज्य में केवल हरित पटाखों का विक्रय एवं उपयोग सुनिश्चित की जाए। जिसके अंतर्गत दीपावली, छठ, गुरू पर्व तथा नववर्ष या क्रिसमस पर पटाखें फोड़े जाने की अवधि 2 घंटे निर्धारित की गई है। जिसमें दीपावली की रात्रि 8 से 10 बजे तक, छठ पूजा को सुबह 6 से 8 बजे तक, गुरू पर्व की रात्रि 08 से 10 बजे तक एवं नया वर्ष या क्रिसमस की रात्रि 11. 55 से 12. 30 बजे तक निर्धारित किया गया है। इसके साथ ही पटाखों के उपयोग के संबंध में उच्चतम न्यायालय के आदेशानुसार कम प्रदूषण उत्पन्न करने वाले इम्प्रूव्ड एवं हरित पटाखा की बिक्री केवल लाईसेन्स ट्रेडर्स द्वारा किया जाए। केवल उन्हीं पटाखों के उपयोग के लिये बाजार में बेचा जा सकेगा, जिससे उत्पन्न ध्वनि स्तर निर्धारित सीमा के भीतर हो। सीरीज पटाखे अथवा लड़ियों की बिक्री, उपयोग एवं निर्माण को रोकने की कार्यवाही को सुनिश्चित किया जाए।

# बहुजन समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष बनाए गए आशीष रात्रे

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भखारा, 26 अक्टूबर।** बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम टंडन के द्वारा धमतरी जिला अध्यक्ष के लिए आशीष रात्रे की नियुक्ति की गई है बसपा के जिला अध्यक्ष नियुक्त होने पर आशीष रात्रे ने छः ग प्रदेश प्रभारी दाऊराम रत्नाकर, प्रदेश प्रभारी मनीष आनंद, प्रदेश अध्यक्ष श्याम टंडन और सभी पदाधिकारी वरिष्ठ शुभचिंतक समर्थक साथियों का आभार व्यक्त किया।

आशीष रात्रे ने कहा कि पार्टी ने जो मुझ पर विश्वास भरोसा जताया है उस पर मुझे खरा उतरना है और आगे पार्टी संगठन को मजबूती के साथ बढ़ाना है देर रात पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम टंडन के द्वारा आदेश जारी होने पर कार्यकताओं में जबरदस्त खुशी की लहर दौड़ पड़ी। श्री रात्रे को लगातार बधाई संदेश मिल रही है प्रमुख से बधाई देने वालों में पार्टी के वरिष्ठ आर पी संभाकर, प्रेमलाल कुर्रे, दिलीप रात्रे, प्रकाश सिंह बादल, अशोक मेश्राम, कल्याण सिंह निर्मलकर, ठाकुर प्रसाद गुप्ता, ईश्वर नारंग, ममता साहू, लालचंद पटेल, जितेंद्र पटेल, राधे निषाद, किसन चांद, रामनाथ अंसारी, रुपेश बघेल, हन्नु ताड़ी, देवप्रसाद बांधे, एन पी जोशी, राहुल टंडन विनोद बघेल, राखी साहू, मेघनाथ बघेल, जगत साहू, उदय बघेल, रामकृष्ण साहू कालीराम बघेल, चरणबघेल, अशोक कोषरिया शंकर कंवर, इतवारी बघेल, विष्णु मनहर, प्रकाश सोनवानी, बालाराम चन्द्राकार, कमलनारायण मारकंडेय, कमलेश छेकर, राज जोशी, मोनू टंडन, रुपेश बंजारे भिनु बंजारे, सतीश चेलक, खिलेन्द लहरे, चम्मन बंजारे, निखिल बंजारे, लोकेश टंडन, राकेश बंजारे, शंकर रात्रे, प्रदीप बघेल पवन साहू, आरती यादव, कुमारी यादव, सरस्वती यादव, ईश्वरीय यादव, सेवती साहू, उषा साहू रम्हीन कंवर, लक्ष्मी थलेनद, रुपेन्द्र साहू, श्यामा साहू, रामलाल रामटेके, बलदेव, व्दारिका लहरे शेखलाल गहेरवार, मीना साहू, संध्या साहू गीता विश्वकर्मा, रेवती साहू, रोशन मरकाम मन्नू साहू हमेश रंगारी, लोकेश्वर साहू हरिदयाल साहू, योगेश्वर चौहान नंदकुमार बांधे, भूषण देशलहरे पुकेशवर देशलहरे, भोज यादव आदि ने नियुक्ति पर बधाई प्रेषित की है।


## कार्यालय नगर पंचायत बस्तर, जिला-बस्तर (छ.ग.)

क्रमांक/1040/लो.नि.वि./न.पं./2024 बस्तर, दिनांक 25/10/2024

### मैनुअल पद्धति द्वितीय निविदा सूचना

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार/फर्म से निम्न निर्माण कार्य हेतु मैनुअल निविदा पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा आमंत्रित की जाती है।

1. निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन की अंतिम तिथि - 30.10.2024 5.00 बजे तक
2. निविदा प्रपत्र जारी करने की तिथि - 30.10.2024 5.00 बजे तक
3. निविदा प्रपत्र जमा करने की तिथि - 08.11.2024 3.00 बजे तक
4. निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि - 08.11.2024 4.00 बजे

| क्र. | कार्य का नाम | अनु. लागत | अमानत राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | बोर वे खनन कार्य (15 नग) | 22.65 | 17000 |

उक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाईट www.uad.cg.gov.in में देखा जा सकता है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत बस्तर


### छुरा थाना में शांति समिति की बैठक संपन्न, दीपावली पर्व की तैयारी पर हुई चर्चा

# सदर रोड में सुबह 10 से 8 बजे तक भारी वाहनों पर प्रवेश निषेध

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा, 26 अक्टूबर।** आगामी दीपावली पर्व को ध्यान में रखते हुवे क्षेत्र में शांति और सौहार्द्र बनाए रखने हेतु छुरा थाना में शुक्रवार शाम को शांति समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी दिलीप मेश्राम ने की जिसमें समाज के गणमान्य नागरिकों व जनप्रतिनिधियों, व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।बैठक में दीपावली के दौरान पटाखों की बिक्री व उनके लिए बाजार के विशेष रख रखाव पर चर्चा किया गया।थाना प्रभारी ने सभी से अनुरोध किया कि त्यौहार में सौहार्द को बनाए रखें उत्साह और उमंग उतना ही रहे जिसमें शांति कायम रहे इससे पूर्व क्षेत्र में जितने भी त्यौहार हुए हैं सभी में आम जनता का सहयोग बराबर शासन प्रशासन का मिलते आया है हमें ऐसे ही सहयोग की आगामी त्योंहारों में भी अपेक्षा रहेगी साथ ही आगे उन्होंने, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के नियमों का पालन सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया।शांति समिति के सदस्यों ने बाजारों में ट्रैफिक नियंत्रण के लिए विशेष व्यवस्था की मांग की, जिस पर थाना प्रभारी ने बताया कि प्रमुख चौक-चौराहों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जायेंगे। त्यौहार के सीजन में लगने वाले भीड़ को देखते हुए सदर रोड में सुबह 10:00 से रात्रि 8:00 बजे तक भारी वाहनों पर प्रतिबंध लगाया गया है। आम नागरिकों को समस्याओं से बचा जा सके करके सदर रोड में बेरिकेडिंग लगाया जायेगा।भिड़ भाड़ वाले क्षेत्रों में असमाजिक तत्वों द्वारा होने वाली चोरी जैसी घटनाओं से सतर्क रहने की भी सुझावों व कार्रवाई पर गहन चर्चा हुई।साथ ही सार्वजनिक स्थलों पर साफ-सफाई और सुरक्षा बनाए रखने के लिए नगरपालिका और पुलिस बेरिकेडिंग लगाने की मांग की जिससे आम नागरिकों को चलने पर सुविधा और आसानी हो इसके अलावा, असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखने और किसी भी अप्रिय घटना की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की गई।बैठक के अंत में थाना प्रभारी ने सभी नागरिकों से अपील की कि वे मिल-जुलकर दीपावली का पर्व मनाएं और शांति व भाई चारे का वातावरण बनाए रखें। बैठक में उपस्थित सभी प्रतिनिधियों ने प्रशासन को हर-संभव सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया।इस बैठक में मुख्य रूप से तहसीलदार रमेश मेहता, नयाब तहसीलदार तरेंद्र कुमार, थाना प्रभारी दिलीप मेश्राम, नगर पंचायत अध्यक्ष खोमन चंद्राकर, नगर पंचायत उपाध्यक्ष रिंकु सचदेव वरिष्ठ नागरिक नथमल शर्मा, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष अ.समद खान, पार्षद अशोक दीक्षित, पंचराम टण्डन, चमन लाल साहू, देवसिंह रात्रे, रमेश शर्मा, इस्माइल मेमन, दिनू कोठारी, अब्बास बेग, इस्माइल खान, मानसिंग निषाद, अशोक थदानी, शीतल ध्रुव पत्रकारगण उज्जवल जैन, परमेश्वर राजपूत, कुलेश्वर सिन्हा, इमरान मेमन, किशन सिन्हा, प्रकाश यादव, दिलीप बघेल नगर गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।




## कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बीजापुर (छ.ग.)

### ''ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना''

निविदा क्रमांक 31/व.ले.लि./लो.स्वा.यां.खण्ड/2024 बीजापुर दिनांक 23.10.2024

(सप्तम निविदा आमंत्रण सूचना)

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से अधोहस्ताक्षकर्ता के कार्यालय में निम्नलिखित निर्माण कार्य के लिए ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | निविदा आमंत्रण क्र. /दिनांक | सिस्टम क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | धरोहर राशि (रू. लाख में) | ठेकेदार की श्रेणी | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | 31/ 23.10.2024 | 160479 | DESIGN, DRAWING, CONSTRUCTION, TESTING & COMMISSIONING OF R.C.C. OVER HEAD TANK CAPACITY 350 K.L., STAGING 15 MTR. AT OLD REST HOUSE BIJAPUR, BLOCK BIJAPUR INCLUSIVE OF ALL CIVIL WORKS WITH TRAIL RUN FOR 3 MONTHS. UNDER BIJAPUR AUGUMENTATION WATER SUPPLY SCHEME 7th call | 44.82 | 33615/- | D | 14.11.2024 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 25.10.2024 से डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
बीजापुर

जी-242503433/5

## एक नजर

### टैंट हाऊस का सामान लेकर पिकअप चालक फरार

**रायपुर, 26 अक्टूबर ।** ग्राम केंद्री स्थित लेखन टेंट हाउस का सामान किराए पर ले जाकर वापस नहीं किया। प्रार्थी की शिकायत पर अभनपुर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी लेखन साहू 21 वर्ष ग्राम केंद्री का रहने वाला है। प्रार्थी टेंट हाऊस चलाता है। बताया जाता है कि पिकअप क्रमांक सीजी 04 जेडी 6789 के चालक ने प्रार्थी के दुकान से टेंट हाऊस का सामान लेकर गया और वापस नहीं किया। सामान की कीमत करीब 58700 रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर अभनपुर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### 12 जुआरी चढ़े पुलिस के हत्थे

**रायपुर, 26 अक्टूबर ।** अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस के टीम ने 12 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से ताशपत्ती सहित नकदी 9830 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार मौदहापारा पुलिस ने सुलभ शौचालय के पास जोरापारा में जुआ खेलते आरोपी शुभम यादव 21 वर्ष सहित अन्य 3 को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से ताशपत्ती सहित नकदी 1130 रुपए जब्त किया है। वहीं मंदिरहसौद पुलिस ग्राम सिवनी के स्कूल चौक के पास जुआ खेलते आरोपी तोरण लाल वर्मा 65 वर्ष सहित अन्य 2 को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन लोगों के पास से ताशपत्ती सहित नकदी 3 हजार रुपए जब्त किया है। वहीं आरंग पुलिस ने तालाब के पास जुआ खेलते आरोपी राजेश कुमार लोधी 55 वर्ष सहित अन्य 4 को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन लोगों के पास से ताशपत्ती सहित नकदी 5700 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### सरेआम शराब पीते 7 पकड़ाए

**रायपुर, 26 अक्टूबर ।** राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 7 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार मौदहापारा पुलिस ने गुरूनानक चौक के पास सरेआम शराब पीते आरोपी अंसुल रामटेके 35 वर्ष एवं पुरानी बस्ती पुलिस ने आरोपी रोहित बाग 30 वर्ष व आसुतोष श्रीवास 28 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह गुढ़ियारी पुलिस ने आरोपी अनुप सोनी 32 वर्ष, खरोरा पुलिस ने आरोपी माखन लाल वर्मा 55 वर्ष व नेवरा पुलिस ने आरोपी गोपाल वर्मा 49 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

### चाकू के साथ युवक गिरफ्तार

**रायपुर, 26 अक्टूबर ।** गोलबाजार पुलिस ने पुराना संचनालय के पास चाकू लेकर आतंक फैलाते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से चाकू जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार गोलबाजार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी करण तांडी 18 वर्ष पुराना संचनालाय के सामने चाकू लेकर आम लोगों को डरा धमका रहा है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी को गिरफ्ताार कर चाकू जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### नवंबर माह में राष्ट्रीय नेताओं के छतीसगढ़ आने के संकेत

**रायपुर, 26 अक्टूबर ।** छत्तीसगढ़ जल्द ही अपने 25 वां वर्षगांठ मनाने वाला है । 01 नवंबर को छत्तीसगढ़ अपना 24 वर्ष पूरा करेगा । नवंबर माह छत्तीसगढ़ के लिए खास रहने वाला है क्योंकि इस माह कई बड़े आयोजन प्रदेश में होंगे और कई बड़े नेताओं के साथ बड़े व्यक्तित्व वाले हस्तियों का छत्तीसगढ़ आगमन होना है। मिली जानकारी के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, उपराष्ट्रपति जगदीप धनकड़ के साथ बॉलीवुड सिंगर शांतनु मुखर्जी (शान), नीति मोहन और इंडियन आइडल विजेता पवनदीप और अरुनिदिता छत्तीसगढ़ आयेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने एक दिवसीय प्रवास पर छत्तीसगढ़ आ सकते हैं । दरअसल, जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर पीएम नरेंद्र मोदी छत्तीसगढ़ प्रवास पर रहेंगे। सूत्रों के हवाले से ख़बर है कि इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नवा रायपुर स्थित शहीद वीर नारायण सिंह आदिवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संग्रहालय का लोकार्पण करेंगे। इसके साथ ही जनजातीय समाज के विभिन्न लोगों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संवाद करते नजर आएंगे। इंडियन रोड कांग्रेस का वार्षिक अधिवेशन 8 से 11 नवंबर को छत्तीसगढ़ में पहली बार हो रहा है। इस अधिवेशन कार्यक्रम का उद्घाटन केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी करेंगे। यह आयोजन पंडित दीनदयाल सभागृह और साइंस कॉलेज ग्राउंड में आयोजित किया जा रहा है। इस अधिवेशन में ऑस्ट्रेलिया, श्रीलंका, बांग्लादेश इंडोनेशिया सहित देश-विदेश के सैकड़ों वैज्ञानिक, सड़क व पुल निर्माण से जुड़े इंजीनियरों सहित 5 हजार प्रतिनिधि शामिल होंगे।

## निधन

### कीर्ति भूषण पांडेय



**रायपुर।** अत्यंत दुख के साथ सूचित है कि किरीतपुर वाले पंडित कीर्ति भूषण पांडेय का गंभीर ह्रदयाघात से आकस्मिक निधन हो गया है ।वे डौंडी लोहारा के पूर्व दीवान पं मन्ना राम पांडेय के ज्येष्ठ सुपौत्र व पं नेतिराम पांडेय के ज्येष्ठ सुपुत्र थे । उनका अंतिम संस्कार आज महादेव घाट मुक्ति धाम में 12.00 बजे किया गया ।

# भाजपा-कांग्रेस प्रत्याशियों का 'दरवाजा' खटखटाने पर जोर

## वरिष्ठ नेता लेंगे चुनावी सभाएं, दीपावली के पश्चात बनेगा चुनावी माहौल

**मुख्य नगर संवाददाता**

**रायपुर, 26 अक्टूबर।** रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव में भाजपा और कांग्रेस प्रत्याशियों ने विभिन्न मोहल्लों में आज सघन जनसम्पर्क किया है। 28 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की छंटाई की जाएगी। यह कार्य प्रेक्षक जी.रेखारानी की उपस्थिति में किया जाएगा।

जिला निर्वाचन शाखा कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव के लिए सभी तैयारियां हो गई है। अब 28 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की छंटाई होगी। 30 अक्टूबर को अभ्यर्थी अपना नाम वापस ले सकेंगे। इसके पश्चात प्रत्याशियों की स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। मुख्य रूप से भाजपा के सुनील सोनी और कांग्रेस के आकाश शर्मा के बीच मुकाबला है। भाजपा के सभी वरिष्ठ मंत्रियों एवं विधायकों की अलग-अलग स्थानों पर ड्यूटी लगाई गई है। दीपावली के पश्चात चुनावी माहौल गरमाएगा। कांग्रेस प्रत्याशी आकाश शर्मा ने बताया कि आज उन्होंने खोखोपारा, महामायापारा, में जनसम्पर्क किया। पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा सहित अन्य वरिष्ठ नेता इस अवसर पर उपस्थित थे। छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट की शीघ्र आने की जानकारी कार्यकर्ताओं ने दी है।

भाजपा प्रत्याशी सुनील सोनी ने आज स्थानीय कार्यकर्ताओं की बैठक ली। एक स्थानीय पार्क में दोपहर के भोज का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। सुनील सोनी इस समय घर-घर चुनावी दस्तक दे रहे हैं। उन्होंने अपनी चुनावी टीम को गोलबाजार, बंजारी रोड, मालवीय रोड तथा सिविल लाईन में तैनात किया है। भाजपा के पार्षदों एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता भी शीघ्र प्रचार में जुटेंगे।

### राष्ट्रपति प्रवास के कारण प्रशिक्षण टला

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु इस समय राजधानी प्रवास पर हैं। राष्ट्रपति के प्रवास को सफल बनाने के लिए अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है जिसके कारण निर्वाचन में लगे अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशिक्षण की तिथि आगे बढ़ा दी गई है। समझा जाता है कि अब दीपावली के पश्चात ही प्रशिक्षण दिया जाएगा। कलेक्टर गौरव सिंह ने मतदान स्थल इंजीनियरिंग कालेज सेजबहार का निरीक्षण कर लिया है। यहां पर सीसीटीवी कैमरा लगाया गया है। मतदान की तैयारियों के लिए भी प्रशिक्षण दिया जाएगा। मतदान 13 नवम्बर को तथा मतों की गणना 23 नवम्बर को होगी।

### 28 को कैबिनेट की बैठक

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की उपस्थिति में कैबिनेट की बैठक 28 अक्टूबर को आयोजित की गई है। इस बैठक में धान खरीदी पर मुख्य रूप से चर्चा होगी। राज्य में धान खरीदी 15 नवम्बर से होने वाली है। राज्य शासन द्वारा नगरीय एवं पंचायत चुनाव में पिछड़ा वर्ग को आरक्षण देने के लिए श्री विश्वकर्मा की अध्यक्षता जो समिति बनाई गई थी उसकी रिपोर्ट आ गई है। यह रिपोर्ट शासन को सौंप दी गई है। कैबिनेट में इस रिपोर्ट को रखा जाएगा जिसमें सरकार इस रिपोर्ट पर मुख्य रूप से फैसला लेगी। नगरीय निकाय व पंचायत चुनाव लड़ने के इच्छुक दावेदार अब इस रिपोर्ट का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।



रायपुर, 26 अक्टूबर। पंडित सुंदरलाल शर्मा वार्ड क्रमांक 42 में रायपुर दक्षिण विधानसभा के प्रत्याशी आकाश शर्मा के लिए वोट के रुप मे आशीर्वाद मांगने कांग्रेस के लोग घर-घर पहुंचे।

### निगम-मंडलों के कर्मचारियों को अतिरिक्त सुविधाओं पर वित्त विभाग को आपत्ति

**रायपुर, 26 अक्टूबर।** वित्त विभाग ने कड़ा पत्र जारी कर निगम मंडलों के कर्मचारियों को दी जा रही अतिरिक्त सुविधाओं पर आपत्ति जतायी है। वित्त सचिव मुकेश कुमार बंसल ने इस संदर्भ में आदेश जारी कर सभी विभागों के एसीएस, पीएस और सचिवों को पत्र लिखकर इस पर रोक लगाने को कहा है। वित्त सचिव ने कहा है कि निगम/मंडल/उपकम/स्वायत्तशासी संस्थाएँ इत्यादि अपने कर्मचारियों को वेतन भत्ते एवं अन्य सुविधायें राज्य शासन द्वारा दिये जा रहे सुविधाओं के अनुरूप ही प्रदाय करें।राज्य शासन की अनुमति के बिना कोई भी अतिरिक्त सुविधाएं नहीं देने का निर्देश भी दिया गया है। यदि शासन की सहमति के बिना सुविधायें दी जा रही है, तो तत्काल प्रभाव से रोक लगाने को कहा है। शासन के ध्यान में यह बात लायी गई है कि कतिपय संस्थाएं स्पष्ट निर्देश के बावजूद भी उक्त अनुदेशों का पालन नहीं कर रही है। कर्मचारियों को बोनस जैसी सुविधा प्रदान की जा रही है। सभी प्रशासकीय विभाग अपने निगम/मंडल/उपकम/स्वायत्तशासी संस्थाओं में बोनस भुगतान की समीक्षा करें तथा शासन की सहमति के बिना उपलब्ध कराये जा रहे उक्त सुविधा को तत्काल प्रभाव से रोक लगायें। साथ ही समीक्षा के परिणाम को यथाशीघ्र वित्त विभाग को अवगत कराया जाये।

# मंडी बोर्ड में नवम्बर के प्रथम सप्ताह में होगा साक्षात्कार

- सहायक संचालक, वरिष्ठ एवं कनिष्ठ सचिव पद के लिए होगा इन्टरव्यू

**मुख्य नगर संवाददाता**

**रायपुर, 26 अक्टूबर।** कृषि मंडी विपणन बोर्ड में रिक्त पड़े पदों के लिए आगामी महीने साक्षात्कार आयोजित किया जाएगा। मुख्य कृषि उत्पादन आयुक्त ने सीमित पदों के लिए सीमित अभ्यर्थियों को ही बुलाया जा रहा है। कोरोना संकटकाल और नए राज्य बनने के बाद कृषि मंडी विपणन बोर्ड में वरिष्ठ एवं कनिष्ठ सचिव, सहायक संचालक के पद बड़ी संख्या में रिक्त हैं। मंडी विपणन बोर्ड ने व्यापमं को लिखित परीक्षा आयोजित कर परीक्षार्थियों के लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण लोगों के नाम मंगाए थे। बोर्ड ने सील बंद लिफाफे को नहीं खोला जिसके चलते शिक्षित बेरोजगारों में बवाल मच गया था। सभी विवाद को देखते हुए कृषि उत्पादन आयुक्त ने लिफाफा खोला और एक पद के पीछे पांच उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को बुलाने का निर्णय लिया गया है। मंडी बोर्ड के अधिकारियों के अनुसार यह साक्षात्कार नवम्बर माह के प्रथम सप्ताह में होगा। मंडी बोर्ड के अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि इसमें योग्यता और कुल प्राप्त अंक के आधार पर ही चयन किया जाएगा इसलिए लोगों को आगाह किया जाता है कि वे किसी दलाल के चक्कर में न पड़े। छत्तीसगढ़ में मंडी बोर्ड धान खरीदी में अहम भूमिका निभाता है। राज्य शासन द्वारा धान खरीदी के लिए मार्कफेड को नोडल एजेंसी बनाया गया है। इस समय सहकारी समितियों के कम्प्यूटर आपरेटर हड़ताल कर रहे हैं। वे अपनी कई मांगों को लेकर वित्त मंत्री के निवास के सामने धरने पर बैठे हैं।

# गैंगस्टर अमन साहू ने 15 करोड़ मांगी थी रंगदारी

**रायपुर, 26 अक्टूबर।** झारखंड के गैंगस्टर अमन साहू को एक बार फिर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे तीन दिन की रिमांड के बाद 28 अक्टूबर तक जेल भेज दिया गया। उसकी गिरफ्तारी तेलीबांधा थाना क्षेत्र में पीआरए ग्रुप के बाहर फायरिंग कराने के मामले में की गई। पूछताछ के दौरान अमन ने बताया कि उसके इशारे पर ही यह फायरिंग की गई थी। दरअसल, पीआरए ग्रुप ने झारखंड में 800 करोड़ रुपये का एक बड़ा ठेका लिया था, जिसके लिए गैंगस्टर ने दो प्रतिशत रंगदारी मांगी थी। इस मांग के तहत अमन ने लगभग 15 करोड़ रुपये की डिमांड की थी। पैसे न मिलने पर उसने दहशत फैलाने के लिए ऑफिस के बाहर गोली चलवाने



का आदेश दिया। पुलिस ने इस गोलीकांड में 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनका अमन के साथ संबंध बताया जा रहा है। 30 सितंबर 2022 को शाम 6.22 बजे आरकेटीसी के टीपी नगर कोरबा ऑफिस के बाहर एक हेलमेट पहने बाइक सवार ने फायरिंग की और ऑफिस में एक परचा फेंका। परचे में लिखा था कि झारखंड में ट्रांसपोर्ट कारोबार करने के लिए अमन साहू गैंग से लेन-देन करना होगा। इस मामले की रिपोर्ट कोरबा टीपी नगर थाने में दर्ज की गई थी।

11 फरवरी 2023 को शाम 6.52 बजे आरकेटीसी के शंकर नगर सेक्टर-2 रायपुर ऑफिस के सामने बाइक सवार दो युवक पहुंचे। उन्होंने कंपनी के गेट के पास एक चक्कर लगाने के बाद एक बार फायरिंग की, जो दीवार में लगी। सिविल लाइन पुलिस ने इस घटना की रिपोर्ट दर्ज की और फायरिंग करने वाले दो आरोपितों को पकड़ लिया।

11 जून 2023 को सुबह करीब 11 बजे अनुपम नगर के पास करिश्मा अपार्टमेंट में इंद्रमणि कोल कंपनी के मुंशी विजयशेखर पांडेय के फ्लैट पर किसी ने फायरिंग की। गोली बालकनी में लगे शीशे को छेदते हुए अंदर गिरी। पुलिस ने इस घटना की भी रिपोर्ट दर्ज की, लेकिन शूटरों का कोई पता नहीं चला है।

# कैट ने की 'मेरा भारत मेरी दिवाली' अभियान की शुरुआत

**रायपुर 26 अक्टूबर।** देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने युवा मामले और खेल मंत्रालय के साथ मिलकर 'मेरा भारत मेरी दिवाली' अभियान का शुभारंभ किया है, जो पूरे भारत में दिवाली के दौरान स्वच्छता और उत्साहपूर्ण उत्सव को प्रोत्साहित करेगा। यह अभियान 27 अक्टूबर से 30 अक्टूबर, 2024 तक चलेगा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छता के विजन के अनुरूप होगा, जिसका ध्यान सार्वजनिक स्थानों, बाजारों और अस्पतालों की साफ सफाई और समुदाय के समर्थन पर केंद्रित है, ताकि एक सुसंगठित और सुरक्षित दिवाली का माहौल तैयार किया जा सके। कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष श्री जितेन्द्र दोशी ने बताया कि इस अभियान का विषय इस दिवाली मेरे भारत के साथ÷ है और इसका उद्देश्य प्रदेश सहित देश भर में 500 स्थानों पर 2 लाख से अधिक कैट वालंटियर को एकजुट करना है। बाजारों की सफाई, अस्पतालों में सेवा, और यातायात स्वेच्छा जैसे सामुदायिक गतिविधियों के माध्यम से यह अभियान सुरक्षित और स्वच्छ सार्वजनिक स्थलों का निर्माण करने की ओर अग्रसर है। मंत्रालय के अधिकारियों, और सभी राज्यों के कैट प्रतिनिधियों के साथ हुई एक वर्चुअल कॉन्फ्रेंस के दौरान कैट ने अभियान की तैयारियों के पूर्ण होने की पुष्टि की और इस अभियान की सफलता के प्रति उत्साह व्यक्त किया। उन्होंने कहा, हर राज्य के समर्थन से 'मेरा भारत मेरी दिवाली' को एक राष्ट्रीय सफलता बनाने की तैयारी कर चुके हैं।

### नशीली दवाओं के कारोबार पर शिकंजा, पुलिस ने रायपुर के दो आपूर्तिकर्ताओं को किया गिरफ्तार

**रायपुर 26 अक्टूबर।** पुलिस ने नशीली दवाओं के एक बड़े नेटवर्क का पर्दाफाश करते हुए रायपुर से बिलासपुर में पहुंचाई जा रही 31 लाख रुपये की नशीली दवाएं जब्त की हैं। इस मामले में पुलिस ने दो मुख्य आरोपितों को गिरफ्तार किया है, जबकि तीन महिलाओं और एक नाबालिग को पहले ही गिरफ्तार किया गया था। एसपी रजनेश सिंह ने बताया कि एसीसीयू और सिविल लाइन की टीम ने मिनी बस्ती में रहने वाली कल्पना कुर्रे, सृष्टि कुर्रे और गोदावरी कुर्रे के साथ ही एक नाबालिग को गिरफ्तार किया था। पूछताछ में यह सामने आया कि ये महिलाएं रायपुर के एक कारोबारी से नशीली दवाएं मंगाती थीं। पुलिस ने विक्रांत सरकार और रविशंकर मरकाम नामक आरोपितों को भी पकड़ा, जो नशीली दवाओं की सप्लाई के लिए बिलासपुर आ रहे थे।

### रेल मंडल में पुलिस स्मृति दिवस परेड का आयोजन

**रायपुर, 26 अक्टूबर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल में रेलवे सुरक्षा बल विभाग द्वारा कर्तव्य पालन/ड्युटी के दौरान शहीद हुये पुलिस कर्मियों की स्मृति मे प्रतिवर्षानुसार दिनांक 21.10.2024 को रायपुर मंडल के रायपुर स्टेशन स्थित नये बैरक में पुलिस स्मृति दिवस परेड का आयोजन किया गया। इस दौरान रेलवे सुरक्षा बल के विभिन्न रेलो के 14 बल अधिकारीयों व बल सदस्य जो अपने कर्तव्य पालन के दौरान शहीद हो गये थे उनका स्मरण कर उन्हें श्रद्धाजली अर्पित की गई।

# बिगड़ती कानून व्यवस्था पर राज्य सरकार को बर्खास्त किया जाये: बैज



**रायपुर, 26 अक्टूबर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि राज्य में रोज-रोज घट रही घटनायें यह साबित करने के लिये पर्याप्त है कि राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति बिगड़ चुकी है तथा आपराधिक घटनायें रोक पाना सरकार के बस की बात नहीं है। ऐसी नकारी और निक्कमी सरकार को तत्काल बर्खास्त कर राज्य में राष्ट्रपति शासन लगा दिया जाना चाहिये। जब जनता अपने जान माल की सुरक्षा तथा अपराधियों और आपराधिक घटनाओं के विरोध में खुद सड़कों पर उतर जाये तथा राज्य के हालात अराजक हो जाये तब ऐसी सरकार को बर्खास्त कर दिया जाना चाहिये।

भाजपा से सरकार नहीं संभल रहा है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि बलरामपुर में महिलाओं ने पुलिस पर हमला कर दिया। सरकार की अकर्मण्यता का नतीजा है जनता को अब पुलिस और सरकार पर भरोसा नहीं रह गया है। जनता सरकार की क्षमता और पुलिस की दुर्भावनापूर्वक कार्यवाहियों के खिलाफ विद्रोह पर उतर आई है। पुलिस की अक्षमता और सरकार के अनिर्णय के कारण बलौदाबाजार में एसपी, कलेक्टर कार्यालय जला दिया गया, सूरजपुर में अपराधी के घर पर हमला करने गयी भीड़ ने एसडीएम को पीटने के लिये दौड़ा दिया, उनको भागकर जान बचानी पड़ी। कवर्धा में पुलिस से न्याय की उम्मीद छोड़ चुकी जनता ने एक व्यक्ति को उसके घर में जिंदा जला दिया। सीतापुर में पुलिस की लापरवाही के खिलाफ अपराधी पर कार्यवाही की मांग को लेकर जनता ने 24 घंटे चक्का जाम कर दिया था तब जाकर पुलिस ने कार्यवाही किया। यह सारी घटनाएं बताती है कि भाजपा के राज में अराजकता फैली हुई है। सरकार चलाने वाले कानून व्यवस्था को नहीं संभाल पा रहे है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि सरकार की विफलता की जवाबदेही मुख्यमंत्री की है। मुख्यमंत्री का नियंत्रण सरकार पर नहीं है। सरकार बेपटरी हो चुकी है। 4 एसपी और कलेक्टर, दर्जनों वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को हटाने के बाद भी सरकार कानून व्यवस्था नहीं संभाल पा रही तब मुख्यमंत्री, गृह मंत्री को हटाने में क्यों हिचकिचा रहे है? मुख्यमंत्री को ऐसा लगता है कि उनके गृह मंत्री की गलती नहीं है तो सरकार की नाकामी की जिम्मेदारी खुद लेकर तत्काल इस्तीफा दें।

# रेलवे स्टेशन में स्वच्छ भारत अभियान के तहत स्वच्छता रेल चौपाल का आयोजन

**रायपुर, 26 अक्टूबर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल में आज दिनांक रायपुर रेलवे स्टेशन में स्वच्छ भारत अभियान के तहत स्वच्छता चौपाल का कार्यक्रम आयोजित किया गया। रेलवे प्रशासन द्वारा डिजिटलीकरण, स्वच्छता, समावेशिता और शिकायत निवारण पर ध्यान केंद्रित करते हुए विशेष अभियान 4.0 चलाया जा रहा है. इसकी शुरुआत 2 अक्टूबर से की गई है, जो 31 अक्टूबर 2024 तक चलेगा. मंडल रेल प्रबंधक ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि रेलवे स्टेशनों में स्वच्छता चौपाल लगाई जाए । स्वच्छता चौपाल में जन प्रतिनिधियों, ग्राम पंचायत व शहरी निकाय के प्रतिनिधियों के साथ-साथ संबंधित क्षेत्र के प्रबुद्ध लोगों, डीआरयूसीसी मेंबर को आमंत्रित कर स्टेशन की स्वच्छता में बेहतरी हेतु सुझाव लिए जा रहे है। जिससे स्वच्छता अभियान में जन भागीदारी को सुनिश्चित किया जा सके.




स्वच्छता चौपाल स्वच्छता व सुरक्षा के प्रति जागरूकता है. इसके तहत यात्रियों के साथ सीधा संवाद कर उन्हें साफ-सफाई, रेलवे सुरक्षा एवं रेलवे परिसर में उपलब्ध सुविधाओं के प्रति जागरूक किया जा रहा है साथ ही, यात्रियों व स्थानीय जनता से संबंधित सुविधाओं, समस्याओं के संबंध में जानकारी लेकर भारतीय रेल उनमें सुधार किया जा रहा है।

इसी कड़ी में रायपुर रेलवे स्टेशन पर अपर मंडल रेल प्रबंधक श्री बजरंग अग्रवाल, मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री राकेश सिंह एवं जेड आर यू सी सी के सदस्य श्री राजेंद्र जग्गी, लोकेश साहू, वेगेंद्र सोनबेर, मुख्य स्टेशन प्रबंधक श्री एन के साहू एवं यात्रियों के साथ किया गया। इस चौपाल के कार्यक्रम में यात्रियों को स्टेशन एवं स्टेशन परिसर में साफ सफाई के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही यात्रियों ने साथ सफाई रखने में उनके नए सुझाव भी दिए। स्टेशन प्लेटफार्म पर साफ सफाई, बुकिंग काउंटर पर भीड़, ट्रेनों के रद्द होने पर यात्रियों को उत्पन्न होने वाली समस्या, यात्रियों के बैठने की व्यवस्था को और बढ़ाने, प्लेटफार्म के प्रवेश के लिए तेलघनी नाका से आने वाले रास्ते को और चौड़ीकरण करने, ट्रेन के समय काउंटर पर भीड़ होने की बात कहे जाने पर यात्रियों को यू टी एस ऑन मोबाइल ऐप के बारे में बताया गया कि वह मोबाइल से ही अपना टिकट बना सकते हैं जिससे घर बैठें टिकट प्राप्त किया जा सकता है।139 रेल मदद नंबर के बारे में जानकारी दी गई। जिससे यात्री किसी भी तरह की शिकायत दर्ज कर के जल्द से जल्द समाधान पा सकते है। कैटरिंग स्टॉल में मिलने वाली खानपान सामग्री पर ओवरचार्जिंग की शिकायत करने हेतु यात्रियों को जागरूक किया गया तथा 139 पर तुरंत शिकायत दर्ज करने को कहां गया ।

# राष्ट्रपति मुर्मु को राज्यपाल डेका ने स्मृति चिन्ह किये भेंट



**रायपुर, 26 अक्टूबर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के छत्तीसगढ़ के प्रवास के अंतिम दिन राजभवन में उन्हें ससम्मान बिदाई दी गई। राष्ट्रपति मुर्मु को राज्यपाल रमेन डेका द्वारा छत्तीसगढ़ की पहचान, बेल मेटल से निर्मित स्मृति चिन्ह और विश्व प्रसिद्ध कोसा की साड़ी भेंट की गई। राष्ट्रपति मुर्मु ने भी राष्ट्रपति भवन की काष्ठ से निर्मित प्रतिकृति उन्हें भेंट की। इस अवसर पर राज्य की प्रथम महिला रानी डेका काकोटी भी उपस्थित थी।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26